RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 27 अंक : 156 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 27 मई, 2025 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रु. | पेज: 8

## बाबा की कथा सुनी फिर परिवार ने की सामूहिक आत्महत्या

### कर्ज में डूबे परिवार के 7 सदस्यों के कार में मिले शव



**पंचकूला (हरियाणा) (एजेंसी)।** हरियाणा के पंचकूला में एक दिल दहला देने वाली घटना हुई है। कर्ज के बोझ में दबे देहरादून के एक ही परिवार के 7 सदस्यों ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। सभी के शव कार में मिलने के बाद इलाके और पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि परिवार के सदस्य देहरादून से पंचकूला में बागेश्वर धाम में हनुमंत कथा सुनने आया था। बताया जाता है कि परिवार देहरादून का रहने वाला था और पंचकूला में बागेश्वर धाम में हनुमंत कथा सुनने के बाद परिवार कार से लौट रहा था, तभी सभी ने रास्ते में जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि मृतकों की पहचान प्रवीन मित्तल, उनके पिता देशराज मित्तल, पत्नी, मां, दो बेटियां और एक बेटे के रूप में हुई है।

#### प्रणीण की माँ रहती थी बीमार

सामूहिक सुसाइड पर प्रवीण मित्तल की एक पड़ोसी आराधना थापा का भी बयान आया है। थापा के अनुसार यह परिवार काफी साधारण था। उनकी मां बीमार रहती थीं और बच्चे देहरादून के ब्लूमिंग बर्ड स्कूल में पढ़ते थे। ससुर की एक दुकान टपकेश्वर मंदिर के पास थी। यह परिवार लगभग एक साल पहले अपने ससुर के साथ चंडीगढ़ शिफ्ट हो गया था। इससे पहले वे करीब तीन साल कोलागढ़ में रहे, फिर देहरादून के अंकित विहार और टपकेश्वर मंदिर के पास कुछ समय तक रहे। उसके बाद चंडीगढ़ चले गए।

सोमवार रात करीब 11 बजे पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-27 (शेष पृष्ठ-4 पर)

## 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बड़ा फैसला : यूपी सरकार शादी में देगी सिंदूरदानी

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद एक बड़ा फैसला लिया है। इस फैसले के तहत मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में कई बदलाव किए गए हैं। अब इस योजना के तहत लड़कियों को उपहार स्वरूप सिंदूरदान भी दिया जाएगा। यह फैसला राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा और महिला सम्मान की दिशा में उठाए गए कदमों में से एक माना जा रहा है।

भारतीय सेना द्वारा आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पूरे देश में चर्चा का विषय बनी हुई है। अब उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के नाम को अपनी कई



गोरखपुर में मंगलवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत नवविवाहित जोडे को उपहार देते उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

योजनाओं में जोड़ लिया है। इसी में से एक योजना है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना।

सरकार ने योजना के लाभार्थियों की अधिकतम पारिवारिक आय सीमा को दो लाख से बढ़ाकर तीन लाख रुपये कर दिया है, जिससे अब अधिक जरूरतमंद परिवार इस योजना के दायरे में आ सकेंगे।

सरकार की तरफ से चल रही इस योजना के तहत पहले प्रति जोड़े 51,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती थी, लेकिन इसे बाद में बढ़ा दिया गया। अब इस योजना के तहत शादी करने वाले जोड़ों को सरकार 1 लाख रुपए दी जाएगी।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें अनिवार्य की गई हैं। लड़की के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों। इससे योजना में पारदर्शिता और स्थानीय लाभार्थियों की प्राथमिकता सुनिश्चित की जाएगी।

## स्मृति ईरानी का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

### सांसद व महानगर अध्यक्ष समेत कई कार्यकर्ता थे मौजूद

**नोएडा (चेतना मंच)।** पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी का आज नोएडा डीएनडी पर सांसद व पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ. महेश शर्मा एवं नोएडा महानगर अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर भाजपा की महामंत्री श्रीमती डिम्पल आनंद, गणेश जाटव, चंदगीराम यादव, उमेश त्यागी, महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती शारदा चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि संजय बाली, विनोद शर्मा, उमेश पहलवान,मनीष शर्मा, गिरीश कोटनाला, किसान मोर्चा अध्यक्ष ओमवीर अवाना, युवा मोर्चा अध्यक्ष रामनिवास यादव, एहसान खान, अशोक मिश्रा, दीनबंधु कुमार कुशवाहा, प्रदीप चौहान, नीरज चौधरी, रामकिशन यादव, दीपक शर्मा, अमित नागपाल, धर्मेन्द्र गुप्ता, नीरज चौधरी, शशिधर उपाध्याय, सत्य नारायण महावर आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्मृति ईरानी अहिल्याबाई होल्कर की त्रिशताब्दी जयंती के उपलक्ष्य में ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में भाग लेने के लिए जा रही थीं।



## चाइल्ड पीजीआई में हंगामा किशोरी से छेड़छाड़ का आरोप



**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा के चाइल्ड पीजीआई (बाल चिकित्सा संस्थान) में एक किशोरी से छेड़खानी का मामला सामने आया है। इस घटना के बाद अस्पताल में हंगामा हुआ। बताया जा रहा है कि एक किशोरी ने अस्पताल में कार्यरत टेक्नीशियन पर परीक्षण के दौरान छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया। जब थाना सेक्टर-20 पुलिस ने टेक्नीशियन को अपने साथ ले गई तो अस्पताल के स्टाफ ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

जानकारी के मुताबिक नोएडा के सेक्टर-30 स्थित चाइल्ड पीजीआई में आज सुबह जमकर हंगामा हुआ। एक किशोरी ने टेक्नीशियन पर आरोप लगाया कि परीक्षण के दौरान उसके साथ छेड़छाड़ की गई है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई करते हुए टेक्नीशियन को थाने ले गई। जिसके बाद अस्पताल स्टाफ अपने कर्मचारी के लिए प्रदर्शन करने लगा। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का आरोप है कि किशोरी ने गलत आरोप लगाकर टेक्नीशियन को फंसाया है। अस्पताल में 250 से अधिक नर्सिंग स्टाफ प्रदर्शन कर रहा था। मौके पर थाना सेक्टर-20 पुलिस मौजूद है।

### आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हादसा

## दो बसों की टक्कर में उड़े परखच्चे, 26 यात्री घायल

**कानपुर (एजेंसी)।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मंगलवार सुबह लखनऊ की ओर जा रही निजी स्लीपर बस में पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्लीपर बस ने टक्कर मार दी। जोरदार टक्कर से आगे चल रही बस पलट गई। हादसे में दोनों बसें क्षतिग्रस्त हो गईं और 26 यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद दोनों बसों के चालक फरार हो गए। बताया जा रहा है कि एक बस चालक को नींद आ जाने के कारण यह हादसा हुआ है। हादसा मकनपुर के पास हुआ है।

अरौल इंस्पेक्टर जनार्दन सिंह यादव के मुताबिक मंगलवार सुबह लगभग 4:15 बजे दिल्ली से लगभग 40 सवारियों को लेकर निजी स्लीपर बस गोंडा जा रही थी। आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर मकनपुर के पास किमी 215 पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार स्लीपर बस ने आगे जा रही बस में टक्कर



मार दी। पीछे वाली बस सिद्धार्थनगर जा रही थी। जोरदार टक्कर से आगे जा रही बस पलट गई। हादसे में बस में सवार यात्रियों में चीखपुकार मच गई। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे एसीपी अमरनाथ यादव व इंस्पेक्टर और यूपीडा के सुरक्षाकर्मियों ने 26 घायलों को क्षतिग्रस्त बस से बाहर निकालकर सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने 14 घायलों को कानपुर रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर जनार्दन सिंह यादव ने बताया कि दोनों बसों में लगभग 40-40 यात्री सवार थे। पीछे आ रही बस के चालक को झपकी आने के चलते हादसा हुआ है। दोनों बसों के चालकों का पता लगाया जा रहा है। इधर मौके पर पहुंचे यूपीडा के सुरक्षाकर्मियों (शेष पृष्ठ-4 पर)

## पं. जवाहरलाल नेहरू की कांग्रेसियों ने मनाई पुण्यतिथि



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** जिला कांग्रेस कमेटी गौतमबुद्ध नगर द्वारा भारत के पहले प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

प्रथम प्रधानमंत्री स्व. प. जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक भाटी चोटीवाला ने कहा कि आधुनिक भारत के शिल्पकार के तौर पर जो नींव स्वतंत्र भारत में अगले सैंकडों वर्षों के लिए नेहरू जी ने प्रधानमंत्री रहते हुए रखी थी। वास्तव में वर्तमान में आधुनिक भारत की ईमारत उसी नीव पर आज भी खड़ी हुई है। आजादी के आंदोलन के (शेष पृष्ठ-4 पर)

## फोन पर बात करते समय 14वीं मंजिल से गिरा छात्र

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के सेक्टर-107 स्थित ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी में रहने वाला एक 17 वर्षीय छात्र बीती रात को फोन पर बात करते समय चौदहवीं मंजिल स्थित अपने फ्लैट की बालकनी से नीचे गिर गया। वह पहली मंजिल पर स्थित फ्लैट की बालकनी के ऊपर लगे फाइबर की सीट पर गिरा, उसके बाद वह जमीन पर आ गिरा। इस घटना में उसके पैर की हड्डियां टूट गई है तथा पेट की अतड़ी बाहर आ गई है। अत्यंत गंभीर हालत में उसे उपचार के लिए नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। थाना सेक्टर 39 की पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के सेक्टर-107 स्थित ग्रेट वैल्यू शरणम सोसाइटी में रहने वाला 17 वर्षीय छात्र शुभ बीती रात को 14वीं मंजिल स्थित अपने फ्लैट की बालकनी में खड़ा होकर फोन पर बात कर रहा था। (शेष पृष्ठ-4 पर)

## औंधे मुंह गिरा प्राधिकरण का मिस्ट स्प्रे पायलट प्रोजेक्ट!

### उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा यह प्रोजेक्ट, विस्तार की योजना रद्द : सीईओ



**नोएडा (चेतना मंच)।** शहर की आबोहवा पर अंकुश लगाने के लिए प्रयोग के तौर पर शुरू किया गया मिस्ट स्प्रे नामक पायलट प्रोजेक्ट उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। इसलिए अब इसको अन्य जगह पर लगाने की योजना रदद कर दी गई है।

नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. लोकेश एम ने बताया कि मिस्ट स्प्रे प्रोजेक्ट से जैसी उम्मीद थी वैसा काम नहीं कर पा रहा है। इससे धूल के कण सतह पर नहीं बैठ रहे। इस प्रोजेक्ट के तहत अन्य सड़कों पर मिस्ट स्प्रे नहीं लगाए जाएंगे। इसका अन्य विकल्प भी तलाशा जाएगा। ताकि प्रदूषण और धूल के कणों को वायु मंडल में आने से रोका जा सके। बता दे मिस्ट स्प्रे पीक आवर में सुबह और शाम तीन-तीन घंटे चलाए जा रहे हैं। एक पोल पर छह मिस्ट स्प्रे नोजल लगे है।

बताते चलें कि प्राधिकरण ने करीब 15 से 20 दिन पहले सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन से सेक्टर-16 तक करीब 700 मीटर में सेंट्रल वर्ज के पिलर में लगाया गया था। पहले देखा गया कि पोल पर लगाए गए स्प्रे की ऊंचाई काफी ज्यादा है। लेकिन हवा की तेज रफ्तार और हैवी ट्रैफिक के चलते मिस्ट स्प्रे धूल के कणों को जमीन पर नहीं बैठा पा रहा है। धूल के कण वातावरण में है। जबकि स्प्रे सुबह 8 से 11 और और शाम को 6 से 9 बजे तक 10 मिनट के अंतराल पर चलाए जा रहे थे। फिलहाल अब इन स्प्रे को अन्य सड़कों पर नहीं लगाया जाएगा।

इसे पायलट प्रोजेक्ट की तर्ज पर लगाया गया है। अभी एक स्ट्रैच पर लगाया गया है। इसके बाद दूसरा स्ट्रैच लगाया जाना था। इसको लगाने में करीब 50 लाख का खर्च किए गए थे।

## नई सीरीज के वाहनों के पंजीकरण शुरू

### कल से वीआईपी नंबर की बुकिंग शुरू

**नोएडा (चेतना मंच)।** आज से वाहनों के पंजीकरण की नई सीरीज UP-16 EY लागू हो गई है। इसके तहत फैंसी/वीआईपी /वीवीआईपी नंबरों के लिए वाहन स्वामी 28 मई से परिवहन विभाग की वेबसाइट www.fancy.parivahan.gov.in पर निर्धारित पंजीयन शुल्क जमा करके नीलामी में भाग ले सकते हैं। यह पंजीयन 28 मई से लेकर 3 दिन की अवधि तक ही वैध रहेगी। जबकि नान फैंसी नंबर के लिए दोपहिया वाहन चालक 1000 रूपये तथा चार पहिया वाहन स्वामी 5000 रूपये पंजीयन शुल्क जमा करके नंबर बुक करा सकते हैं। यह जानकारी सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन), डॉ. सियाराम वर्मा ने दी है।



## एनएमआरसी के एक्सटेंशन रूट को मंजूरी अगले माह!

### 416 करोड़ की लागत से ग्रेनो डिपो-बोडाकी तक बनेगा नया रूट

**नोएडा (चेतना मंच)।** केंद्र सरकार से अगले महीने ग्रेटर नोएडा डिपो स्टेशन से बोड़ाकी तक मेट्रो रूट को मंजूरी मिलने की उम्मीद है। केंद्र की मंजूरी के बाद नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (एनएमआरसी) इस रूट के लिए डिजाइन कंसलटेंट की नियुक्ति करेगा। इसके बाद टेंडर जारी किया जाएगा।



एनएमआरसी के अधिकारियों ने बताया कि यह एक्वा लाइन का एक्सटेंशन रूट होगा। अभी एक्वा लाइन पर नोएडा के सेक्टर-51 से ग्रेनो के डिपो मेट्रो स्टेशन तक मेट्रो चल रही है।

अब ग्रेनो डिपो से बोड़ाकी तक मेट्रो जाएगी। इस रूट पर जुनपत और बोड़ाकी सिर्फ दो मेट्रो स्टेशन होंगे। बोड़ाकी में बड़ा स्टेशन बनाया जाएगा। जिले में मेट्रो का यह सबसे छोटा रूट होगा। इसके लिए 2.6 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड ट्रैक बिछाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर मेट्रो चलाने में 416 करोड़ रुपये (शेष पृष्ठ-4 पर)

# डराने का हथियार

यह कोई नई बात नहीं है कि देश की जांच एजेंसियों पर सरकार की आकांक्षाओं के अनुरूप कार्य करने को लेकर विपक्षी राजनीतिक दलों की तरफ से पक्षपात के आरोप लगे हों। सरकारी जांच एजेंसियों को वे विपक्ष के नेताओं को डराने-धमकाने का हथियार बताते रहे हैं। अब इन्हीं चिंताओं और सवालों पर देश की शीर्ष अदालत ने भी मोहर लगाई है। विपक्षी नेता खासकर धनशोधन निरोधक अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाइयों पर रोक लगाने की गुहार लगाते रहे हैं। उनका आरोप रहा है कि प्रवर्तन निदेशालय सरकार के हितों की पूर्ति के लिये दुराग्रह से कार्रवाई करता है। हालांकि, अदालत का मानना रहा है कि भ्रष्टाचार,देशविरोधी गतिविधियों तथा आतंकवादी संगठनों को मदद पहुंचाने वालों के खिलाफ कार्रवाई अतार्किक नहीं है। सवाल इस बात को लेकर भी उठते रहे हैं जितने आरोप पत्र ईडी द्वारा दायर किए जाते हैं, उसकी तुलना में दोषसिद्धि की संख्या में बेहद ज्यादा अंतर क्यों है। जो इस बात की ओर इशारा करता है कि मामले दुराग्रह से प्रेरित होते हैं। अदालत भी मानती है कि ठोस प्रमाण के बिना किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। लेकिन एक हालिया मामले में प्रवर्तन निदेशालय की कारगुजारियों पर कोर्ट ने उसे कड़ी फटकार लगाते हुए सीमाएं लांघकर संघीय ढांचे के अतिक्रमण करने की बात कही है। कोर्ट ने यह टिप्पणी तमिलनाडु में शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में बरती गई कथित धांधली में राज्य विपणन निगम के विरुद्ध धनशोधन मामले में ईडी की जांच पर की है। दरअसल, निगम द्वारा शीर्ष अदालत में मामला ले जाए जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने न केवल जांच रोकी बल्कि ईडी की कारगुजारियों पर सख्त टिप्पणियां भी की हैं। निस्संदेह, ईडी को इस सुप्रीम नसीहत पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। कोर्ट को यहां तक कहना पड़ा कि प्रवर्तन निदेशालय संघीय अवधारणा का उल्लंघन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि पीएमएलए की धाराओं के दुरुपयोग को लेकर शीर्ष अदालत पहले भी ईडी के खिलाफ सख्त टिप्पणी कर चुकी है। निस्संदेह, अदालत की इस सख्त टिप्पणी से उन तमाम विपक्षी दलों को संबल मिलेगा जो आए दिन ईडी व अन्य जांच एजेंसियों का सत्तापक्ष द्वारा दुरुपयोग करने का आरोप लगाते थे। वहीं दूसरी ओर तमिलनाडु राज्य विपणन निगम की दलील थी कि जिन शराब की दुकानों के लाइसेंस देने में अनियमितताओं के मामले में ईडी ने हस्तक्षेप किया है, उसमें वर्ष 2014 से कार्रवाई की जा रही है। साथ ही इस मामले में चालीस से अधिक प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी हैं। वहीं निगम कई मामलों में शिकायतकर्ता है। ऐसे में इस मामले में ईडी के कूदने पर सवाल उठे हैं। यही वजह है कि कोर्ट ने ईडी की इस जांच पर रोक लगा दी है। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु सरकार भी ईडी की कार्रवाई को संवैधानिक अधिकारों व संघीय ढांचे का उल्लंघन बताती रही है। विश्वास किया जाना चाहिए कि कोर्ट की सख्त टिप्पणी के बाद ईडी केंद्र की इच्छाओं के अनुरूप आंख बंद कर कार्रवाई करने की बजाय अपनी कार्यशैली में अपेक्षित परिवर्तन करेगी।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यदि मैं आपके कथन के अनुसार नहीं चलूँगा, तो ( भले ही ) मेरा नाश हो जाए। मुझे इसकी चिन्ता नहीं है। मेरा मन तो हे प्रभो! ( केवल ) एक ही डर से डर रहा है कि ब्राह्मणों का शाप बड़ा भयानक होता है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-होहिं बिप्र बस कवन बिधि कहहु कृपा करि सोउ।**
**तुम्ह तजि दीनदयाल निज हितू न देखउँ कोउ॥**

वे ब्राह्मण किस प्रकार से वश में हो सकते हैं, कृपा करके वह भी बताइए। हे दीनदयालु! आपको छोड़कर और किसी को मैं अपना हितू नहीं देखता॥

**सुनु नृप बिबिध जतन जग माहीं। कष्टसाध्य पुनि होहिं कि नाहीं॥**
**अहइ एक अति सुगम उपाई। तहाँ परन्तु एक कठिनाई॥**

(तपस्वी ने कहा-) हे राजन !सुनो, संसार में उपाय तो बहुत हैं, पर वे कष्ट साध्य हैं (बड़ी कठिनता से बनने में आते हैं) और इस पर भी सिद्ध हों या न हों (उनकी सफलता निश्चित नहीं है) हाँ, एक उपाय बहुत सहज है, परन्तु उसमें भी एक कठिनता है॥

**मम आधीन जुगुति नृप सोई। मोर जाब तव नगर न होई॥**
**आजु लगें अरु जब तें भयऊँ। काहू के गृह ग्राम न गयऊँ॥**

हे राजन! वह युक्ति तो मेरे हाथ है, पर मेरा जाना तुम्हारे नगर में हो नहीं सकता। जब से पैदा हुआ हूँ, तब से आज तक मैं किसी के घर अथवा गाँव नहीं गया॥

**( क्रमशः... )**

# नेताओं के बिगड़े बोल के लिए राजनीतिक दल ही जिम्मेदार

देश की एकता, अखंडता और सम्प्रभुता के लिए सीमा पार से मिलने वाली चुनौती का भारत ने न सिर्फ वर्तमान में बल्कि पूर्व में बखूबी जवाब दिया है। भारत बाहर से मिलने वाली हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। ऑपरेशन सिंदूर से भारत ने यह दृढ़ता विश्व में साबित कर दी है। देश के सामने असली दिक्कत अंदरुनी है। अंदरुनी चुनौतियां से निपटना आसान नहीं हैं, वह भी यदि ऐसी हरकतें नेताओं और जनप्रतिनिधियों द्वारा की जाए। जिन पर हर सूरत में देश की आन-बान-शान को ऊंचा रखने की जिम्मेदारी हो, यदि वो ही निम्नस्तरीय कृत्य पर उतर आएं तो सवाल खड़े होना लाजिमी है। मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने भारत की जांबाज सेना की अफसर और जज्बे से देश की आईकोन बनी कर्नल सोफिया के बारे अनर्गल टिप्पणी करके कई सवालों को जन्म दिया है।
ऐसा नहीं है कि मंत्री विजय शाह ऐसा कृत्य करने वाले अकेले नेता हैं, जिनकी वजह से देश का नीचा देखना पड़ा है। ऐसा करने वाले नेता की लंबी फेहरिस्त है, जिनके बिगड़े बोल से देश और समाज का सौहार्द्र प्रत्यक्ष या परोक्ष तौर पर प्रभावित हुआ है। मध्यप्रदेश के इस मंत्री को बेशक सजा मिल जाए, इसके बाद भी बड़ा सवाल यही है कि आखिर वह कौनसी वजह है कि नेताओं की जुबान काबू में नहीं रहती। सवाल यह भी है कि वैमनस्य का जहर घोलने वाले ऐसे नेताओं के मामले में कानूनी कार्रवाई का इंतजार क्यों किया जाता है। राजनीतिक दल आगे बढ़ कर कार्रवाई की नजीर पेश क्यों नहीं करते। यदि राजनीतिक दलों ने नेताओं के लिए कोई लक्ष्मण रेखा खींची होती और उसका उल्लंघन करने पर कार्रवाई निर्धारित कर रखी होती तो ऐसी नौबत नहीं आती।

दूसरे शब्दों में कहें तो राजनीतिक दलों की शह ही ऐसे नेताओं के बिगड़े बोलों के लिए जिम्मेदार है। इनकी अनदेखी करने से नेताओं में प्रलाप करने की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है। विगत चुनावों में यदि नेताओं पर दलों ने लगाम कसी होती तो ऐसी पुनरावृत्ति नहीं होती। लोकसभा चुनाव 2024 में प्रचार के दौरान कई बार भाषायी मर्यादा टूटती दिख रही, किन्तु किसी भी पार्टी ने इस पर चिंता नहीं जताई और नेताओं को म्यान में रहने की हिदायतें नहीं दी। कांग्रेस के नेता रणदीप सुरजेवाला ने भाजपा की मथुरा से सांसद हेमा मालिनी के बारे में अमर्यादित टिप्पणी की थी, जिसके बाद चुनाव आयोग की तरफ से कार्रवाई



**हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था।**

भी की गयी, किन्तु कांग्रेस ने सुरजेवाला के खिलाफ महिलाओं की मर्यादा को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के सोशल मीडिया अकाउंट से एक्ट्रेस कंगना रनौत को लेकर एक आपत्तिजनक पोस्ट शेयर की। इसके जवाब में कंगना ने कहा कि हर महिला गरिमा की हकदार है। हालांकि, विवाद बढने पर सुप्रिया श्रीनेत के अकाउंट से पोस्ट डिलीट कर दी। चुनाव आयोग की तरफ से उन्हें नोटिस दिया गया था। कंगना रनौत भी नाम लेकर निजी टिप्पणी करने में पीछे नहीं रहीं। कंगना ने राहुल गांधी और मंडी सीट से उनके प्रतिद्वंद्वी विक्रमादित्य सिंह को क्रमशः %बड़ा पप्पू और %छोटा पप्पू कहा। उन्होंने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान पूर्व प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरू और उनके पिता मोतीलाल नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी और सोनिया गांधी सहित गांधी-नेहरू परिवार को निशाना बनाया और कांग्रेस को %एक बीमारी और अंग्रेजों द्वारा छोड़ी गई दीमक करार दिया, जो उनके मुताबिक 2014 तक देश को खा रही थी। हिमाचल की प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा ने रनौत को परी करार देते हुए कहा है कि लोग केवल उन्हें देखने आते हैं। प्रतिभा के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कि कंगना की मां आशा रनौत ने कहा था कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता ये हुस्न परी है, और ये क्या चीज है जैसी टिप्पणियां कर रही हैं और यह भूल गई हैं कि उनके घर में भी बेटियां हैं। उन्होंने कहा कि एक मां होने के नाते मुझे दुख होता है और मुझे लगता है कि ऐसी टिप्पणियों से अन्य मांएं भी दुखी हो रही हैं।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सरकार को गिराने की कोशिशों से नाराज होकर कांग्रेस के बागियों को काले नाग और बिकाऊ करार दिया था और अपने चुनावी अभियान के दौरान भी बिकाऊ बनाम टिकाऊ के नारे का इस्तेमाल किया था। बिहार भाजपा के प्रमुख सम्राट चौधरी के बयान पर काफी विवाद देखने को मिला था। सम्राट चौधरी ने कहा था कि टिकट बेचने में लालू यादव ने अपनी बेटी को भी नहीं छोड़ा। पहले अपनी बेटी की किडनी ली और उसके बाद लोकसभा चुनाव का टिकट दे दिया। सम्राट चौधरी ने कहा था कि आगामी चुनाव में मैदान में उतरने से पहले लालू ने अपनी बेटी की किडनी ले ली। राजद की तरफ से इसे लेकर जमकर आपत्ति जतायी गयी थी। गिरिराज सिंह के बयान पर भी विवाद हुआ था। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा था कि मुस्लिम महिलाओं द्वारा बुर्के की आड़ में मतदान को प्रभावित करने व रोकटोक पर विवाद करने की घटनाएं सामान्य हैं। चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पोलिंग एजेंटों द्वारा आपत्ति करने पर उनकी पहचान सुनिश्चित करने से किसी की धार्मिक भावनाएं आहत नहीं होती है।

उनके इस बयान को लेकर भी हंगामा देखने को मिला था। सैम पित्रोदा अपने बयानों को लेकर विवादों में रहे हैं। पित्रोदा ने रंगभेद को लेकर बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि भारत में पूर्व के लोग चाइनीज और दक्षिण के लोग साउथ अफ्रीकन जैसे दिखते हैं। कांग्रेस ने पित्रोदा के इस बयान से किनारा कर लिया। सैम पित्रोदा के बयान को लेकर कांग्रेस ने कहा कि भारत की विविधता की ये परिभाषा मंजूर नहीं है। यह गलत है। लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी और बीजेपी ने इस मुद्दा बना लिया था। ये उदाहरण बताते हैं कि जहरीले बोलों पर नेताओं को कड़ा सबक मिला होता आज यह हालात पैदा नहीं होते कि कोई मंत्री जैसे संवैधानिक ओहदे पर बैठ कर सेना की जांबाज, देशभक्त और देश की महिलाओं के लिए अग्रणी महिला सैन्य अधिकारी के खिलाफ अमर्यादित बोल बोलने का साहस जुटा पाता। राजनीतिक दल ही सख्त कार्रवाई नहीं करके ऐसे नेताओं को हवा देते हैं। दलों ने गरिमा की यदि कोई सीमा-रेखा तय नहीं की तो आगे भी ऐसी बदजुबानी से देश और समाज शर्मसार होता रहेगा।

**- योगेन्द्र योगी**

# सेना में दिखने लगा महिला शक्ति का दम

भारतीय सेना में महिला शक्ति का दम दिखाई देने लगा है। पुरुषों की तरह महिलाएं भी सेना में बढ़ चढ़कर अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सेना द्वारा चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस ब्रीफिंग में सेना की दो महिला अधिकारियों द्वारा युद्ध से संबंधित जानकारी देना एक महत्वपूर्ण कदम रहा है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भारत के पराक्रम की तस्वीर को पूरी दुनिया के सामने पेश किया और बताया कि आखिर ऑपरेशन सिंदूर के जरिए भारत ने कैसे और क्या कार्यवाही की। सेना की दोनों महिला अधिकारियों ने सैनिक कार्यवाही की हर दिन प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से देश दुनिया को ताजा जानकारी प्रदान कर यह दिखा दिया कि भारत में महिला शक्ति भी किसी से कम नहीं है।

भारत में सदियों से महिलाओं को मातृशक्ति का दर्जा दिया जाता रहा है। कहा गया है कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया: ।।

अर्थात: जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रमते हैं। जहां नारियों की पूजा नहीं होती, वहां किए गए सभी कार्य निष्फल हो जाते हैं। हम देश में साल में दो बार नवरात्र पर मातृशक्ति रूपी मा दुर्गा की पूजा कर देश दुनिया को यह संदेश देते हैं कि मातृ शक्ति भी किसी से कम नहीं है। अब तो हमारी सेना में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर अपनी उत्कृष्ट क्षमता दिखा दी है। महिलाएं फाइटर प्लेन उड़ा रही है। तो युद्ध भूमि में हर प्रकार की भूमिका निभाने को तैयार नजर आ रही है।

भारतीय सशस्त्र बलों में महिलाओं की भागीदारी का इतिहास लंबे संघर्ष और बदलावों से भरा रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के समय से ही महिलाएं भारत की सुरक्षा और सेवा में अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देती रही हैं। लेकिन सेना में औपचारिक तौर पर उनकी नियुक्ति का रास्ता बहुत बाद में खुला। साल 1943 में बनी रानी झांसी रेजिमेंट, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की आजाद हिंद फौज का हिस्सा थी। यह पहली बार था जब महिलाएं युद्ध के मोर्चे पर सक्रिय रूप से दिखाई दी। आजादी के बाद भी सशस्त्र बलों में महिलाओं को लंबे समय तक सहायक भूमिकाओं तक ही सीमित रखा गया।



भारत की तीनों सेनाओ (थल सेना, नौसेना, वायु सेना) में महिलाओं की संख्या को लेकर अगस्त 2023 में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संसद में बताया था कि तीनों सेना में 11414 महिलाएं सेवाएं दे रही है। थल सेवा में 7054 महिलाएं सेवारत है। इनमें 1733 महिला अधिकारी है। यह आंकड़ा 1 जनवरी 2023 तक का है। भारतीय वायु सेवा में 1654 अधिकारी सेवारत है जबकि 155 महिलाएं एयर मेन (अग्निवीर) के रूप में सेवा दे रही है। भारतीय नौसेना में 580 महिलाएं अधिकारी के रूप में सेवारत है जबकि 727 महिलाएं सैलर्स (अग्निवीर) के तौर पर तैनात है।

इसी तरह 1212 महिलाएं भारतीय थल सेना के आर्मी मेडिकल कॉर्प्स में 168 महिलाएं आर्मी डेंटल कार्स में और 3841 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में कार्यरत है। 151 महिलाएं नौसेना के मेडिकल कॉर्प्स में 10 महिलाएं डेंटल कार्य और 380 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है। 274 महिलाएं भारतीय वायु सेवा के मेडिकल कॉर्प्स में पांच महिलाएं डेंटल कॉर्प्स में और 425 महिलाएं मिलिट्री नर्सिंग सर्विस में सेवारत है।

पहले महिलाओं को शार्ट सर्विस कमीशन में ही लिया जाता था। लेकिन फरवरी 2020 में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद महिलाओं को सेना में स्थाई कमीशन मिलने लगा है। अब एनडीए की कुल सीटों का 10 प्रतिशत सीटों पर लड़कियां सिलेक्ट होती है और वह भी ओपन कंपटीशन में मुकाबला करके। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मार्च 2025 में संसद में बताया था कि 2022 में महिला कैडेट्स के पहले बैच की एंट्री के बाद से अब तक एनडीए में 126 महिलाओं को एडमिशन मिला है। आर्म्ड फोर्सज में आने के बाद उनके लिए भी अवसर समान होते हैं। उनका करियर प्रोग्रेस वैसा ही होगा जैसा लड़कों का होगा। सर्विस रूट समान होते हैं। अब हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारी सेना में पूरी तरह जेंडर न्यूट्लाइजेशन हो गया है।

सेना में आज हमारी महिला कॉम्बैट पायलट भी है। जो मिसाइल चलती है मोर्चे पर भी जाती है। वह इंजीनियरिंग का कार्य भी देखती है और सैटेलाइट को भी नियंत्रित करती है। अब महिलाएं डिफेंस भी करती है। टेक्निकल इंटेलिजेंस भी एकत्रित करती है। अभी तक आमने-सामने की लड़ाई में महिलाओं को नहीं भेजा जाता है। राजस्थान में झुंझुनू जिले की स्काड्रन लीडर मोहन सिंह 2016 में भारतीय वायु सेवा की तेजस फाइटर स्पाइडर में शामिल होने वाली पहली महिला बनी। इससे पहले वह मिग 21 बाइसन फाइटर प्लेन भी उड़ा चुकी है। ग्रुप कैप्टन सालिया धामी वायु सेवा की ऐसी पहली महिला अधिकारी बनी है जो फ्रंटलाइन काम्पैक्ट यूनिट की कमान संभाल रही है। फ्लाइंग यूनिट की फ्लाइट कमांडर बनने वाली भी वह पहली महिला अधिकारी है। भारत की सशस्त्र सेना चिकित्सा सेवा और थलसेना एवं नौसेना की चिकित्सा सेवाओं का नेतृत्व महिला अधिकारी ही कर रही हैं।

रक्षा बलों में लैंगिक समानता सुनिश्चित करने की दिशा में भारत की प्रगति धीमी रही है। लेकिन लोगों का मानना है कि इसमें लगातार प्रगति हुई है। अब एक साथ बहुत सारी महिलाएं प्रमुख भूमिकाओं में हैं। वे दूसरों के लिए रास्ता बना रही हैं। उनके प्रदर्शन पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। अगर वे अच्छा काम कर रही हैं तो उन्हें स्वीकार करना आसान होगा और आने वाली महिलाओं के लिए रास्ता साफ हो जाएगा।

शॉर्ट सर्विस कमीशन के तहत महिलाएं केवल 10 या 14 साल तक सेवाएं दे सकती हैं। इसके बाद वो सेवानिवृत्त हो जाती हैं। लेकिन अब उन्हें स्थायी कमीशन के लिए आवेदन करने का भी मौका मिलेगा। जिससे वो सेना में अपनी सेवाएं आगे भी जारी रख पाएंगी और रैंक के हिसाब से सेवानिवृत्त होंगी। साथ ही उन्हें पेंशन और सभी भत्ते भी मिलेंगे। 1992 में पांच साल के लिये शॉर्ट सर्विस कमीशन के लिए महिलाओं का पहला बैच भर्ती हुआ था। इसके बाद इस सर्विस की अवधि को 10 साल के लिए बढ़ाया गया। 2006 में शार्ट सर्विस कमीशन को 14 साल कर दिया गया।

भारतीय सेना अब महिलाओं को सशत्र बल में नियुक्ति के लिए उनके लिए तय की गई नीतियों को लागू कर प्रोत्साहित करती है। इसके लिए महिलाओं के लिए आर्मी मेडिकल कोर, आर्मी डेंटल कोर और मिलिटरी नर्सिंग सेवाओं के लिए परमानेंट कमिशन को मंजूरी दी गई है। अब 11 आर्म्स एंड सर्विसेज में महिला अधिकारियों को परमानेंट कमिशन मिलता है। जिनमें आर्मी सर्विस कोर, आर्मी आर्डनेंस कोर, आर्मी एडुकेशन कोर, जज एडवोकेट जनरल ब्रांच, इंजीनियर कोर, सिगनल कोर, इलेक्ट्रॉनिक्स और मकैनिकल कोर, इंटेलीजेंस कोर, आर्मी एयर डिफेंस, आर्मी एविएशन, रीमाउंट एंड वेटनरी कोर आदि शामिल हैं।

परमानेंट कमिशन के बाद महिला अधिकारी इंडियन आर्मी के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में शामिल आर्टिलरी का हिस्सा बनने लगी है। सेना आर्टिलरी की लगभग 300 रेजिमेंट और लगभग 5,000 अधिकारी हैं। आर्टिलरी में शामिल महिला अधिकारियों की बोफोर्स, होवित्जर, के-9 वज्र जैसी तोपों पर भी 2023 में तैनाती की अनुमति दी जा चुकी है।

वर्तमान में भारतीय सशस्त्र बलों में नियुक्तियों में लैंगिक आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। पुरुष और महिला जवानों की हथियारों और सेवाओं के लिए तैनाती में किसी प्रकार का अंतर नहीं किया जाता है। सभी की पोस्टिंग सेना की जरूरतों के अनुसार की जाती है। भारतीय सेना में महिला अफसरों को परमानेंट कमिशन के लिए 23 नवंबर 2021 को एक जेंडर न्यूट्रल करियर प्रोग्रेशन पॉलिसी लाई गई थी। इसके जरिए महिलाओं को हथियारों व अन्य सेवाओं में समान अवसर उपलब्ध कराए गए हैं।

**- रमेश सर्राफ धमोरा**

# राशिफल

**ज्येष्ठ माह कृष्ण पक्ष अमावस्या**

**(विक्रम संवत् 2082)**

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
धन हानि के शिकार हैं और कहीं भी निवेश मत करिएगा। स्वास्थ्य थोड़ा मध्यम। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
बुझा-बुझा सा महसूस करेंगे। ऊर्जा का स्तर घटा हुआ रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
अनाब-सनाब खर्चे होंगे। मन बेचैन रहेगा। डरा हुआ रहेगा। स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार मध्यम

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
प्रेम, संतान की स्थिति ठीक-ठाक है। व्यापार भी अच्छा है, लेकिन थोड़ा ऊर्जा का स्तर घटा हुआ रहेगा।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
कोर्ट-कचहरी से बचें। अभी नए व्यवसाय की शुरुआत न करें। पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें। स्वास्थ्य ठीक है।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
अपमानित होने का भय रहेगा। यात्रा बहुत फलदायी नहीं होगी। धर्म-कर्म में भी बहुत जुड़ाव नहीं दिख रहा है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। स्वास्थ्य मध्यम।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
जीवनसाथी के साथ और स्वास्थ्य पर ध्यान दें। नौकरी-चाकरी में अभी निरस्ता बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे)**
शत्रु परास्त होंगे। गुण ज्ञान की प्राप्ति होगी। बुजुर्गों का आर्शीवाद मिलेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
बच्चों की सेहत पर ध्यान दें। प्रेम में निरस्ता बनी रहेगी। मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ रहेगा। प्रेम, संतान मध्यम रहेगा।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
घरेलू सुख बाधित रहेगा। भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी अभी टल जाएगी। स्वास्थ्य मध्यम।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
योजनाएं फलीभूत होती हुई नहीं दिख रही हैं। अपने स्वास्थ्य पर और अपनों के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' दादरी स्थित अपने आवास पर सुनते डीजीसी ( सिविल ) गौतमबुद्धनगर नीरज शर्मा ( एडवोकेट )

# रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर हुआ भव्य आयोजन

**दादरी ( चेतना मंच )।** भारतीय संस्कृति की महान प्रतीक और लोकहित की प्रतीक रानी अहिल्याबाई होल्कर जी की त्रिशताब्दी जन्म जयंती के अवसर पर दादरी विधानसभा के मोहन कुंज भवन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक आयोजन में 1500 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही, जिसमें महिलाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद श्रीमती कान्ता कर्दम ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में दादरी विधायक मास्टर तेजपाल नागर एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती गीता पंडित मौजूद रहीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने की और संचालन का दायित्व जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कोरी ने निभाया।

मुख्य अतिथि कान्ता कर्दम ने अपने संबोधन में रानी अहिल्याबाई के जीवन को संघर्ष, शिक्षा, सामाजिक समर्पण और भक्ति का प्रतीक बताया।





उन्होंने कहा कि, जहां कन्याओं की शिक्षा वर्जित थी, वहां अहिल्याबाई जी के पिता ने उन्हें पढ़ाया और आगे बढ़ाया। उन्होंने काशी से केदारनाथ तक अनेक मंदिरों का जीर्णोद्धार करवाया, वे शिव की महान उपासिका थीं और उन्हें 'शिवकामिनी महादेवी' भी कहा जाता है। साथ ही उन्होंने देश के प्रधानमंत्री श्नरेन्द्र मोदी द्वारा संसद में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को महिला सम्मान की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया।

विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि रानी अहिल्याबाई ने अपने शासन काल में धर्म, नीति, और लोककल्याण को सर्वोपरि माना। वे आध्यात्मिक संतुलन और जनसेवा की प्रतीक थीं। उन्होंने न केवल मंदिर, सड़क, विश्रामगृह और किले बनवाए, बल्कि समाज को एक नई दिशा दी। भाजपा की सरकारें आज उन्हीं आदर्शों पर काम कर रही हैं।

जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि काशी में भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण, हनुमान जी की प्रतिमाओं का निर्माण रानी अहिल्याबाई के योगदान का प्रमाण है। आज भी उनके कार्य मराठा भूमि पर पुण्य स्मारकों के रूप में खड़े हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर रानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा ली और महिला सशक्तिकरण पर बल दिया।

इस अवसर पर दीपक भारद्वाज, दीपक नागर, धर्मेन्द्र कोरी, रजनी तोमर, बलराज भाटी, कर्मवीर आर्य, राजीव सिंघल, मास्टर रुस्तम बघेल, अश्वनी गोयल, वीरेन्द्र भाटी, रवि जिन्दल, विमल पुंडीर, राज नागर, विजय रावल, डॉ. आरती पाल, सुभाष बजरंगी, हरिओम शर्मा, पंकज तरुण भारद्वाज, संगीता रावल, अर्पणा सिंह, ओमकार भाटी, इन्द्र नागर, अर्पित तिवारी, मनोज भाटी, केशव गोयल, अभिषेक कौशिक, अमित जैन, राजपाल वाल्मीकि, बॉबी देवी, राजकुमारी शर्मा आदि।

## नुक्कड़ नाटक आयोजित



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** सेंट्रल जीएसटी का नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम कल जी एम माल पर आयोजित हुआ। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जीएसटी के बारे में जागरूक किया गया।

जिसमें जीएसटी डिपार्टमेंट से कमिश्नर, डिप्टी कमिश्नर, असिस्टेंस कमिश्नर आदि शामिल रहे। मंजीत सिंह , मुकुल गोयल , शुभम गोयल , हरेंद्र भाटी, टी पी सिंह, प्रदीप कुमार आदि मौजूद रहे। सीजीएसटी डिपार्टमेंट से संजीव कुमार शर्मा (कमिश्नर), पी के श्रीवास्तव (सहायक आयुक्त) ,विश्वेन्द्र कुमार (अधीक्षक ), अम्बुज श्रीवास्तव (अधीक्षक ) , निरंजन मीणा (इंस्पेक्टर ) आदि उपस्थित रहे। मुक्ताकाश नाट्य संस्थान मेरठ से आए कलाकारो द्वारा प्रस्तुती की गई।

# प्रतिनिधिमंडल आईजी स्टाम्प से मिला



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** संयुक्त किसान मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जनपद के सर्किल रेट वृध्दि को लेकर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं आईजी स्टाम्प उत्तर प्रदेश से वार्ता की। वार्ता बेहद सकारात्मक रही। जिलाधिकारी ने कहा कि सर्किल रेट वृध्दि की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है तथा भरोसा दिलाया कि बहुत शीघ्र ही इसकी घोषणा कर दी जाएगी।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता से देश का सिर ऊंचा : प्रधान

**नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मुकेश प्रधान ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता की जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक डॉक्टर मरीज के शरीर की सर्जरी करता है उसी तरह ऑपरेशन सिंदूर द्वारा पाकिस्तान में आतंकवादियों के कैंप की सर्जरी की गई।



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से इस ऑपरेशन को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराया वह स्वागत के योग्य है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को अभी भी समय है कि वह आतंकवाद से अपने आप को अलग कर ले।

# एमिटी व एटीपीएल के बीच हुआ एमओयू

**नोएडा ( चेतना मंच )।** छात्रों एंव शिक्षकों के स्टार्टअप्स को मार्गदर्शन एंव उनको निवेशकों से जोड़ने के लिए गाजियाबाद के वसुंधरा स्थित मैसर्स एम्सटरसन आई - टेक प्राइवेट लिमिटेड (एटीपीएल) और एमिटी विश्वविद्यालय के मध्य समझौता पर हस्ताक्षर किया गया। इस समझौता पत्र एमिटी विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो आर के कपूर और मैसर्स एम्सटरसन आई टेक प्राइवेट लिमिटेड (एटीपीएल) के संस्थापक एवं सीईओ श्री कपिल कुमार ने हस्ताक्षर किये।

मैसर्स एम्सटरसन आई टेक प्राइवेट लिमिटेड (एटीपीएल) के संस्थापक एवं सीईओ कपिल कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारा उददेश्य इस एमओयू के अंतर्गत एमिटी के छात्रों और संकाय सदस्यों द्वारा युवा शुरुआती चरण के स्टार्टअप के साथ मिलकर काम करना और फंडिंग सहायता के लिए सबसे होनहार स्टार्टअप की पहचान करके निवेशकों से जुड़ना है। एटीपीएल आइडिया-स्टेज स्टार्टअप के लिए एक माइक्रो-इन्वेस्टमेंट प्रोग्राम लॉन्च करेगा और निवेशक संबंधों और नेटवर्किंग को भी मजबूत करेगा। एमिटी विश्वविद्यालय के एडिशनल प्रो वाइस चांसलर डा संजीव बंसल ने कहा कि यह ऐतिहासिक एमओयू छात्रों एवं शिक्षकों को उनका स्टार्टअप प्रारंभ करने में सहायक होगा और देश की अर्थव्यवस्था को और भी अधिक मजबूत बनाने में सहायक होगा।



## नाम-परिवर्तन

मैं मैसर जहाँ पत्नी रिजवान निवासी- खसरा नंबर - 418 जलपुरा ,ग्रेटर नोएडा ,बिसरख, जनपद गौतबुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) एतदद्वारा सूचित करती हूं कि मेरा वास्तविक नाम मैसर जहाँ (Maisar Jaha) है तथा कुछ कागजातों में त्रुटिवश मेरा नाम मैशर जहान (Meshar Jahan) दर्ज हो गया है। जो गलत है। मेरा असली नाम मैसर जहाँ है। आधार कार्ड में भी मेरा नाम मैसर जहाँ दर्ज है।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने M/s Sai Printing Press, डी-85 सेक्टर-6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200

Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com raghuvanshirampal365@gmail.com raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in www.chetnamanch.com

# इफको नैनो तकनीक किसानों के जीवन में ला रही क्रांतिः संजय कुदेशिया

**प्रयागराज, ( फूलपुर )।** इफको फूलपुर इकाई में आयोजित पत्रकार भ्रमण के दौरान इकाई प्रमुख संजय कुदेशिया ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी तरल उर्वरकों की उपयोगिता और उत्पादन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इफको की यह नैनो तकनीक भारतीय कृषि के लिए एक चमत्कारिक परिवर्तन लेकर आई है, जिससे किसानों को उपज में बढ़ोत्तरी के साथ लागत में भी कमी का लाभ मिल रहा है।

श्री कुदेशिया ने बॉटलिंग प्लांट में उत्पादन से लेकर पैकेजिंग तक की आधुनिक प्रक्रिया का प्रदर्शन किया, जिसमें रोबोटिक सिस्टम द्वारा अत्याधुनिक तकनीक से कार्य किया जा रहा है। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों को पूरा भ्रमण कराते हुए तकनीकी प्रक्रिया से रूबरू कराया गया।

इफको ऑफिसर एसोसिएशन के अध्यक्ष अनुराग तिवारी और महामंत्री स्वयं प्रकाश द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में, बीते कुछ महीनों में प्रयागराज के विभिन्न गांवों में किए गए चौपाल कार्यक्रमों की वीडियो स्क्रीनिंग भी दिखाई गई। वीडियो में किसानों ने उड़द, मूंग और आलू की फसलों में नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के उपयोग से बेहतर उत्पादन मिलने के अनुभव साझा किए।





उद्यान प्रभारी सुमित तेवतिया ने किसानों को विस्तार से समझाया कि नैनो यूरिया व डीएपी को कब, कैसे और कितनी मात्रा में उपयोग करना चाहिए ताकि अधिकतम लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के समापन पर मुख्य जनसंपर्क अधिकारी स्वयं प्रकाश ने कहा, हम सभी इफको अधिकारी पहले किसान परिवारों से हैं, इसी कारण हमें किसानों से संवाद और मार्गदर्शन में आत्मीयता और समझ होती है। चौपाल कार्यक्रमों के जरिए हम किसानों तक तकनीकी ज्ञान सरल भाषा में पहुंचा पा रहे हैं। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्रभारी मुकेश तिवारी सहित कोर्डेट के कई अन्य अधिकारी व सहयोगी भी उपस्थित रहे।

# योगी सरकार ने उद्योगों के लिए खोली नई राह : मुख्य सचिव

## एनईए से जुड़े उद्यमियों ने उप्र के मुख्य सचिव के सामने रखी समस्याएं







**नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा है कि प्रदेश में उद्योगों के हितों व विकास को देखते हुए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार उचित कदम उठा रही है। उद्यमियों की सभी समस्याओं को प्राथमिकता के साथ दूर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार ने उद्योगों के लिए नई राह खोली है। इससे प्रदेश में औद्योगिक विकास तेज हुआ है।

एनईए सभागार में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश सरकार मनोज कुमार सिंह तथा पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें एनईए अध्यक्ष विपिन कुमार मल्हन ने मनोज कुमार सिंह तथा लक्ष्मी सिंह को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका सम्मान किया। साथ ही उद्यमियों की समस्याओं से अवगत कराया। श्री मल्हन ने कहा कि नोएडा में प्रा0लि0 कम्पनी मे अगर 1 प्रतिशत की भी शेयर होल्डिंग (सीसीसी) बदलनी हो तो नौएडा विकास प्राधिकरण उसके चार्ज लेता है और स्टांप विभाग भी चार्ज लेता है।

प्रा0लि0 कम्पनी को यदि एल0एल0पी0 में बदलाव किया जाता है तथा कम्पनी नाम भी वही रहता है और उसके डायरेटर भी वही रहते हैं जो कि प्रा0 लि0 कम्पनी में थे उस पर निबन्धन विभाग रजिस्ट्री के चार्जेज लेता है ।

जिन इकाईयों द्वारा दिनांक 31.12.24 तक कम्पलीशल प्रमाण-पत्र ले लिये गये है या प्राधिकरण मे आवेदन कर रखा है, वे किसी कारणवश कार्यशील प्रमाण-पत्र के लिए आवेदन नही कर पाये उनको निरस्त न माना जाए क्योंकि उनके द्वारा इकाई के निमार्ण में करोड़ो रूपये खर्च किए हुए हैं। उनको भी औपचारिकताएं पूर्ण करने पर कार्यशील प्रमाण-पत्र दे दिया जाए ।

नौएडा विकास प्राधिकरण द्वारा उद्योगों में कामर्शियल गतिविधि चलाने पर धारा 10 बी के नोटिस जारी हो जाते हैं जिन्हें वर्ष 2021 से पूर्व उद्यमी द्वारा कामर्शियल गतिविधि बंद कर भविष्य में कामर्शियल गतिविधि न चलाने का शपथ पत्र देने पर नोटिस वापिस ले लिया जाता था। लेकिन अब प्राधिकरण द्वारा ऐसे प्रकरणों के लिए कमेटी का गठन किया गया है जोकि कामर्शियल गतिविधि न करने का शपथप पत्र देने के साथ 1 प्रतिशत चार्जेज जमा करने तथा प्राधिकरण के अधिकारी द्वारा इकाई में जाकर सर्वे करने के पश्चात् भी ऐसे प्रकरण पुनः कमेटी में रखे जाते है।

रक्त संबधी मामलों में परिवार की आवासीय सम्पत्ति का पारिवारिक सदस्यों के बीच बंटवारें के के लिए स्टांप ड्यूटी शुल्क रू0 5000/- निर्धारित किया गया है। आवासीय सम्पत्ति की भॉति औद्यौगिक भूखड़/भवनों में भी रक्त संबधी मामलों में सम्पत्ति के बंटवारें के के लिए स्टांप ड्यूटी शुल्क रू0 5000/- निर्धारित की जाए।

नौएडा विकास प्राधिकरण द्वारा लीज पर सैक्टर-65 तथा सैक्टर-67 नौएडा में औद्यौगिक गतिविधि चलाने के लिए उद्यमियों को लगभग 23 वर्ष पूर्व भूमि आवंटित की गई थी ।जिसकी उद्यमियों द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात् करोड़ो रूपये खर्च कर वहॉ उत्पादन शुरू कर दिया था। वर्ष 2015 में सैक्टर-65 तथा सैक्टर-67 के कई उद्यमियों को तहसीलदार दादरी द्वारा उक्त भूमी को पशुचर अंकित दर्शाकर नौएडा विकास प्राधिकरण द्वारा आवंटित भूमि से वेदखल कर करोड़ो रूपये जमा करने के लिए रिकवरी तथा इकाई सील करने के नोटिस दिये गये।

नौएडा में उद्योगों में लाखों की संख्या में श्रमिक कार्यरत है, लेकिन श्रमिकों को आवास के अभाव में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। श्रमिकों के लिए ग्रेटर नौएडा, यमुना एक्सप्रेस-वे में आवासीय भूखंड/भवन योजना लाई जाए।

सभी समस्याओं को सुनने के बाद मुख्य सचिव मनोज सिंह ने उद्यमियों की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन देते हुए कहा कि नौएडा की आगामी बोर्ड में सभी मुद्दों पर चर्चा की जाएगी तथा उचित निर्णय लिया जाएगा।

बैठक में एनईए के महासचिव वी.के.सेठ, वरि. उपाध्यक्ष हरीश जोनेजा, राकेश कोहली, मुकेश कक्कड, धर्मवीर शर्मा, कोषाध्यक्ष एस.सी. जैन, सह. कोषाध्यक्ष संदीप विरमानी, उपाध्यक्ष मोहन सिंह, आर.एम. जिंदल, सचिव आलोक गुप्ता, राजन खुराना, राहुल नैययर, मयंक गुप्ता सह. सचिव जी.के.बंसल, राकेश कत्याल, योगेश आनन्द, प्रदीप मेहता, प्रकाश अग्रवाल सहित भारी संख्या में उद्यमी उपस्थित थे।

## खास खबर

### पश्चिम बंगाल में कोरोना के चार नए मामले, संक्रमित मरीजों की संख्या हुई 11

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कोरोना संक्रमण के चार नए मामले सामने आए हैं, जिससे राज्य में सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। यह जानकारी राज्य स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को दी। अधिकारी के मुताबिक, जिन मरीजों में सांस संबंधी समस्याएं देखी गई हैं, उन्हें राज्य सरकार द्वारा संचालित अस्पताल और निजी अस्पतालों में भर्ती किया गया है। इनमें अधिकांश मामले कोलकाता और उसके आसपास के उपनगरीय क्षेत्रों से सामने आए हैं। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि शनिवार तक राज्य में सात सक्रिय मामले थे। रविवार शाम तक चार नए मामलों की पुष्टि हुई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग राज्य में कोरोना संक्रमण की बढ़ती संख्या पर नजर बनाए हुए है और सभी मरीजों की निगरानी की जा रही है।

### चारधाम यात्रा पंजीकरण केन्द्र का विनय रोहिल्ला ने किया स्थलीय निरीक्षण

**हरिद्वार।** उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन के उपाध्यक्ष विनय रोहिल्ला ने सोमवार को ऋषिकुल मैदान पहुंचकर चारधाम यात्रा पंजीकरण केन्द्र का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान पंजीकरण केन्द्र पर यात्रियों की सुविधा के लिए पंजीकरण काउण्टर, बैठने, पेयजल, शौचायलय, चिकित्सा, सुरक्षा आदि व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने देश-विदेश से चार धाम यात्रा के लिए पंजीकरण केन्द्र पहुंचे। श्रद्धालुओं से वार्ता करते हुए विभिन्न विषयों पर फीडबैक लिया तथा सभी की सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। पंजीकरण केन्द्र पहुंचे सभी श्रद्धालुओं ने पंजीकरण के लिए किये गये प्रबंध की प्रशंसा की। उन्होंने ऋषिकुल मैदान में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कहा कि चार धाम यात्रा पर आने वाले दर्शनार्थियों के लिए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद की गई हैं तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा बेहतर ढंग से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश विदेश से आने वाले लगभग 2 लाख 60 हजार तीर्थयात्रियों द्वारा अब तक ऑफलाइन अपना पंजीकरण करा लिया है।

### हिसार व यमुनानगर में अमृत 2.0 योजना के लिए 350 करोड़ की मंजूर

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अमृत 2.0 योजना के तहत हिसार व यमुनानगर शहरों में सीवरेज योजना के विस्तार, पुराने व क्षतिग्रस्त मैनहोल की मरम्मत, नई स्वीकृत कॉलोनियों में सीवरेज बिछाने और एसटीपी के निर्माण के लिए 35087.42 लाख रुपए की राशि को स्वीकृति दे दी है। सरकारी प्रवक्ता ने सोमवार को बताया कि हिसार शहर में सीवरेज योजना का विस्तार, विभिन्न कॉलोनियों में 200 एमएम से 1200 एमएम तक की सीवर लाइन बिछाने, ईंट सीवर के सीआईपीपी, 2 एसटीपी का निर्माण, 5 आईपीएस का निर्माण, 1 एमपीएस का निर्माण, मैनहोल का निर्माण, मैनहोल स्लैब को ऊपर उठाना, मैनहोल स्लैब को नीचे करना और अमृत 2.0 योजना के तहत हिसार शहर में पुराने व क्षतिग्रस्त मैनहोल की मरम्मत के लिए 23678.86 लाख रुपये की अनुमानित लागत स्वीकृत की गई है।

### 50 लाख की हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**सोनभद्र।** घोरावल थाना क्षेत्र में पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने रविवार की बीती रात लखनऊ से हेरोइन लेकर सोनभद्र आ रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 500 ग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी अन्तरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 50 लाख रुपए आकी गई है। अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने सोमवार को बताया की एसओजी व घोरावल थाना की पुलिस टीम को सूचना मिली की दो तस्कर लखनऊ से हेरोइन लेकर सोनभद्र आ रहे हैं।

## छत्तीसगढ़ से अब पूरे देश को ट्रांसफॉर्मर की होगी आपूर्ति

# देश के सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर रायपुर में बनेंगे

● 300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश प्रस्ताव



एजेंसी

**रायपुर।** विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में छत्तीसगढ़ एक और बड़ी छलांग लगाने जा रहा है। देश की प्रतिष्ठित कंपनी करमवीर इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने रायपुर में अत्यधुनिक ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई स्थापित करने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के समक्ष प्रस्तुत किया है। इस इकाई में 300 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जाएगा, जिससे छत्तीसगढ़ का नाम देश के सबसे बड़े ट्रांसफॉर्मर निर्माण केंद्रों में शामिल हो जाएगा। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक विवेक जैन ने रविवार की देर शाम मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ सदन, नई दिल्ली में मुलाकात की। बैठक में प्रस्तावित परियोजना की रूपरेखा, निवेश संभावनाएं और रोजगार सृजन के आयामों पर विस्तार से चर्चा हुई। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने बताया कि यह यूनिट तकनीकी दृष्टि से देश की सबसे उन्नत ट्रांसफॉर्मर निर्माण इकाई होगी, जो भविष्य में ऊर्जा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने में मील का पत्थर साबित होगी।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निवेश प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य है कि छत्तीसगढ़, विकसित भारत 2047 के निर्माण में एक मजबूत स्तंभ बने। यह निवेश सिर्फ एक औद्योगिक इकाई नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की तकनीकी क्षमता और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक मजबूत कदम है। राज्य सरकार इस परियोजना को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी। यह परियोजना राज्य में बिजली क्षेत्र के आधुनिकीकरण, स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार, और उद्योग आधारित विकास को गति देगी। विशेष रूप से यह पहल मेक इन छत्तीसगढ़ के नारे को मजबूती देती है, जहां अब अत्यधुनिक तकनीक से बने ट्रांसफॉर्मर पूरे देश को रोशन करने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध सिंह नई दिल्ली में छत्तीसगढ़ के इनवेस्टमेंट कमिश्नर ऋतु सेन भी उपस्थित थीं।

## असम में हवाई संपर्क को मिलेगा नया आयाम
### सिलचर ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट पर जल्द होगा काम शुरू



एजेंसी

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किन्जारापु के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में पूर्वोत्तर भारत में हवाई संपर्क और अवसंरचना के विस्तार पर विस्तार से चर्चा हुई। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने बताया कि सिलचर के ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट का काम इसी वर्ष शुरू होने की संभावना है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि रूपसी हवाई अड्डे के विस्तार का भी आश्वासन केंद्रीय मंत्री से प्राप्त हुआ है। डॉ. सरमा ने बताया कि जोरहाट, डिब्रूगढ़ और सिलचर को जल्द ही देश के और अधिक शहरों से नई हवाई सेवाओं के जरिए जोड़ा जाएगा। इससे क्षेत्र में आवागमन और आर्थिक विकास को गति मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्वोत्तर में उड़ान योजना को और अधिक प्रभावी, जीवंत और टिकाऊ बनाने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि पहली बार हवाई यात्रा करने वाले अधिक से अधिक लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकें।

## वन नेशन वन इलेक्शन से डबल होगी देश के विकास की रफ्तार : रामनाथ कोविंद

● दो दिवसीय हरिद्वार प्रवास पर पहुंचे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ



एजेंसी

**हरिद्वार।** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद परिवार सहित सोमवार को अपने दो दिवसीय प्रवास पर हरिद्वार के कनखल स्थित हरिहर आश्रम पहुंचे। पूर्व राष्ट्रपति ने वन नेशन वन इलेक्शन पर कहा कि इससे देश में विकास की रफ्तार डबल होगी। इससे देश की जीडीपी एक से डेढ़ फीसदी बढ़ेगी। पूर्व राष्ट्रपति सायंकाल हरकी पैड़ी पर गंगा आरती में भी हिस्सा लेगें। इससे पहले वह यहां उन्होंने जूना पीठाधीश्वर आचार्य महा मंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज का आशीर्वाद लिया। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने देश के समसामयिक मुद्दों पर अपने विचार रखते हुए कहा कि उन्होंने वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर रिपोर्ट दे दी है। इससे देश में विकास की रफ्तार डबल होगी। भारत सरकार ने इसे स्वीकार कर लिया है। पार्लियामेंट ने इस पर विधेयक बनाया है। अभी ये विधेयक जेपीसी के सामने विचारार्थ है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि वन नेशन वन इलेक्शन पर जेपीसी में जो निर्णय आएगा जैसा भी संसद को उचित लगेगा, उस पर काम होगा। उन्होंने कहा अभी तीन दिन पहले ही इंटरनेशनल मॉनिटरिंग फंड की रिपोर्ट आई है, जिसमें भारत अब पांचवी अर्थव्यवस्था से बढ़कर विश्व की चौथी अर्थव्यवस्था हो गया है। हम विश्व में चौथे नंबर की आर्थिक शक्ति बन गए हैं। हमने जापान को पीछे छोड़ दिया है। अभी केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी हम से आगे हैं। उन्होंने कहा कि अगले दो वर्षों में हम तीसरे नंबर पर पहुंच जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर पर पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि यह ऑपरेशन हमारी सेनाओं के शौर्य का प्रतीक है, जिसको देश और दुनिया सदियों तक याद रखेगी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिये हमने विश्व में एक बहुत बड़ा संदेश दिया है।

## महाराष्ट्र में बारिश ने तोड़ा 107 साल पुराना रिकॉर्ड, मुंबई के कई इलाकों में जलभराव



एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में दक्षिण-पश्चिम मानसून 107 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ते हुए समय से पहले प्रवेश कर चुका है। मुंबई में मूसलधार बारिश ने जनजीवन को रोक कर रख दिया है। भारी बारिश की वजह से सड़कों पर जलभराव, रेलवे ट्रैकों पर पानी, और हवाई उड़ानों में देरी जैसी समस्याएं आम हो गई हैं। भारतीय मौसम विभाग ने 26 मई को मुंबई के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। बारिश के चलते मुंबई एयरपोर्ट से उड़ान भरने और लैंड करने वाली कई फ्लाइट्स प्रभावित हुई हैं। इस स्थिति को देखते हुए स्पाइसजेट ने अपने यात्रियों को चेतावनी दी है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 24 घंटे में भारी बारिश की संभावना बनी हुई है और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। मुंबई नगर निगम ने निवासियों से अपील की है कि जब तक बहुत जरूरी न हो, घर से बाहर न निकलें। साथ ही शहर की 96 इमारतों को असुरक्षित घोषित किया गया है और उनमें रह रहे लगभग 3,100 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार इस साल दक्षिण-पश्चिम मॉनसून ने सामान्य से पहले ही महाराष्ट्र में दस्तक दे दी है। अगले कुछ दिनों में मुंबई में तेज बारिश के साथ पूरी तरह सक्रिय होने की संभावना है।

## बांग्लादेश में संसदीय चुनाव दिसंबर से जून के मध्य में, पार्टियां सहमत

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के देश में दिसंबर से अगले साल जून के मध्य तक संसदीय चुनाव कराने की तैयारियों पर राजनीतिक दलों ने सहमति प्रदान कर दी है। अंतरिम सरकार के प्रमुख और मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने रविवार रात यह जानकारी पत्रकारों को दी।
बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार, प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने स्टेट गेस्ट हाउस जमुना में रात को बुलाए गए संवाददाता सम्मेलन में कहा कि राजनीतिक दलों ने सुधारों समेत अंतरिम सरकार के उठाए गए कदमों के प्रति अपना समर्थन जताया है। मुख्य सलाहकार प्रो. मोहम्मद यूनुस ने रविवार को लगातार दूसरे दिन 20 राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि मुख्य सलाहकार ने राजनीतिक दलों के साथ चुनाव और सुधारों की प्रगति समेत विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। आलम ने बताया कि मुख्य सलाहकार ने राजनीतिक दलों को सूचित किया है कि चुनाव इस साल दिसंबर से अगले साल जून के बीच होंगे। प्रो. यूनुस ने आश्वासन दिया कि अगले साल 30 जून तक चुनाव करा लिए जाएंगे और राजनीतिक नेताओं ने इस पर अपनी संतुष्टि जताई है।

## कीव पर रूस का हवाई हमला, 12 की मौत, 79 घायल



एजेंसी

**कीव (यूक्रेन)।** रूस और यूक्रेन में शांति और सुलह की उम्मीदों के बीच दोनों के आसमान पर गरजते रॉकेट और मिसाइलों के हमलों में रक्त बहने के सिवा कुछ भी हासिल नहीं हो रहा। शांति और संघर्ष विराम के वैश्विक प्रयास बेअसर हो रहे हैं। इसका असर एकमात्र यह हुआ है कि दोनों ने एक-दूसरे के युद्धबंदियों का आदान-प्रदान शुरू कर दिया है। लेकिन हमले जारी हैं। रूस ने रात को यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाया गया। हमले में 12 लोग मारे गए और कम से कम 79 घायल हो गए। द कीव इंडिपेंडेंट अखबार के अनुसार, रूस ने 25 मई की रात कीव और अन्य यूक्रेनी क्षेत्रों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इसमें तीन बच्चों सहित 12 लोग मारे गए और कम से कम 79 घायल हो गए। रूस के आंतरिक मंत्री इहोर क्लिमेंको ने टेलीग्राम पर इसकी पुष्टि की। यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में 69 मिसाइलें और 298 ड्रोन दागे। वायु सेना ने बताया कि 45 क्रूज मिसाइलों को मार गिराया गया और 266 ड्रोन को बेअसर कर दिया गया। हमले में 22 स्थानों पर भारी नुकसान हुआ।यह हमला पूरे युद्ध के दौरान कीव पर सबसे भारी रूसी हमलों में से एक के एक रात बाद हुआ। यह हमला कीव दिवस से पहले किया गया। कीव दिवस पर आज यूक्रेन में अवकाश है।

## हाफिज अब्दुल करीम मरकजी जमीयत अहले हदीस पाकिस्तान के अमीर निर्वाचित



एजेंसी

**लाहौर।** हाफिज अब्दुल करीम को मरकजी जमीयत अहले हदीस पाकिस्तान का अमीर चुन लिया गया। हाफिज करीम के खिलाफ किसी उम्मीदवार ने चुनाव नहीं लड़ा। चुनाव बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अब्दुल गफूर राशिद ने रविवार को उन्हें निर्विरोध अमीर निर्वाचित घोषित किया।दुनिया न्यूज की खबर के अनुसार, चुनाव बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अब्दुल गफूर राशिद ने कहा कि हाफिज अब्दुल करीम को मरकजी जमीयत अहले हदीस पाकिस्तान का निर्विरोध अमीर चुन लिया गया। जमीयत अहल-ए-हदीस पाकिस्तान के पूर्व प्रमुख सीनेटर प्रोफेसर साजिद मीर का लंबी बीमारी के बाद तीन मई को 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। इस बीच, जमात-ए-इस्लामी पाकिस्तान के उप अमीर लियाकत बलूच ने सीनेटर हाफिज अब्दुल करीम को मरकजी जमीयत अहले हदीस का अध्यक्ष चुने जाने पर फोन पर बधाई दी। उल्लेखनीय है कि मरकजी जमीयत अहले हदीस पाकिस्तान एक धार्मिक संगठन और राजनीतिक दल है।

## ट्रंप ने यूरोपीय संघ पर 50 फीसद टैरिफ को 9 जुलाई तक टाला



एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय संघ पर अपने हालिया प्रस्तावित टैरिफ को फिलहाल टाल दिया है। ट्रंप ने रविवार को कहा कि वे यूरोपीय संघ पर 50 फीसद टैरिफ की समय सीमा को 9 जुलाई तक बढ़ाने पर सहमत हैं। सीएनबीसी न्यूज चैनल की खबर के अनुसार, ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मुझे आज यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन का फोन आया। उन्होंने व्यापार और यूरोपीय संघ के संबंध में 50 फीसद टैरिफ की 1 जून की समयसीमा को बढ़ाने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा, मैं इसे बढ़ाने पर सहमत हूं। 9 जुलाई को ऐसा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात होगी। ट्रंप की यह पोस्ट वॉन डेर लेयेन के यह कहने के बाद आई कि उनकी अच्छी बातचीत हुई, लेकिन इसके लिए उन्हें 9 जुलाई तक का समय चाहिए। लेयेन ने एक्स पर लिखा, यूरोपीय संघ और अमेरिका दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण और घनिष्ठ व्यापार संबंध साझा करते हैं। वॉन डेर लेयेन ने कहा कि यूरोप बातचीत को तेजी से और निर्णायक रूप से आगे बढ़ाने के लिए तैयार है। ट्रंप ने अपने व्यापक पारस्परिक टैरिफ के हिस्से के रूप में यूरोपीय संघ पर 20 फीसद टैरिफ लगाया। इससे पहले 9 अप्रैल को 90 दिनों के लिए इसे घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया। ट्रंप ने पिछले सप्ताह 1 जून से यूरोपीय संघ पर सीधे 50 फीसद टैरिफ लगाने का सुझाव दिया। ट्रंप ने कहा कि 27 देशों के इस समूह से निपटना बहुत मुश्किल रहा है। इसलिए 50 फीसद किया जाएगा। व्हाइट हाउस में एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने के कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा, मैंने बस इतना कहा, अब समय आ गया है कि हम खेल को उसी तरह खेलें जिस तरह से खेल में मजा आए।

## चाइनीस मांझे के साथ महिला गिरफ्तार



**गाजियाबाद (एजेंसी)।** गाजियाबाद रेडिंग टीम पीपल फॉर एनिमल्स ने लोनी में छापा मार कर प्रतिबंधित चाइनीस मांझा बरामद कर एक महिला को पकड़ा है। यह महिला चाइनीज मांझा बेचने वाले गैंग से जुड़ी है जो पहले दिल्ली में सक्रिय था।

जानकारी के मुताबिक पीपल फॉर एनिमल्स के मेंबरों ने नकली ग्राहक भेज कर इसकी पूरी जानकारी की और उसके बाद दिल्ली पुलिस के माध्यम से उन्हें गिरफ्तार कर जेल भिजवा दिया। यह टीम पूरी तरह से चाइनीज मांझा की बिक्री के लिए गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र को अपना अड्डा बना लिया था, जहां पर बेधड़क चाइनीस मांझा की सप्लाई की जा रही थी।

बता दें कि कल ही ग्रेटर नोएडा के एक नवविवाहित युवक की चाइनीज मांझे से गर्दन कटने से मौत हो गई जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। इससे पूर्व भी कितने लोगों की चाइनीज मांझा से जाने जा चुकी है वही पक्षियों की भी दर्दनाक मौत हो जाती है। इसी क्रम में मेनका गांधी की संस्था पीपल फॉर एनिमल्स के रेडिंग टीम गौरव गुप्ता को जानकारी मिली कि ये सभी चाइनीज मांझा की बिक्री गाजियाबाद के लोनी में बेचने का काम कर रहे है। गौरव गुप्ता नकली ग्राहक के रूप में इस महिला से सौदेबाजी की 800 में सौदेबाजी प्रतिरिल की तय हुई उसके बाद पुलिस को बुलाकर मौके में रेड कर ली गई जिसे भारी संख्या में चाइनीस माझा बरामद हुआ है ।

## पृष्ठ एक के शेष....

**बाबा की कथा सुनी...**

में मकान नंबर 1204 के बाहर खड़ी गाड़ी में कुछ लोग गंभीर हालत में हैं। पुलिस की ईआरवी पहुंची तो गाड़ी में छह लोग तड़प रहे थे। उन्हें तुरंत सेक्टर-26 स्थित ओजस अस्पताल ले जाया गया। कुछ ही देर बाद घर के बाहर एक और व्यक्ति तड़पता हुआ मिला, जिसे सेक्टर-6 के नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उपचार के दौरान सभी सातों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिवार के करीबी लोगों ने बताया कि परिवार पर भारी कर्ज था। प्रवीन मित्तल ने हाल ही में देहरादून में टूर एंड ट्रैवल्स का व्यवसाय शुरू किया था, जिसमें उन्हें भारी घाटा हुआ। आर्थिक तंगी के कारण परिवार ने यह दुखद कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि उसे मौके पर सुसाइड नोट भी मिली है। एक चश्मदीद ने बताया कि वह कार से पास से गुजर रहा था तो एक व्यक्ति संदिग्ध हालत में मिला। यह शख्स प्रवीण मित्तल थे। प्रवीण ने बताया कि उनके परिवार के लोग कार में सो रहे हैं। चश्मदीद को आशंका हुई तो उसने कार का दरवाजा खोलकर देखा, तो सभी के मुंह से झाग आ रहे थे। इसके बाद प्रवीण ने बताया कि उन्होंने भी जहर खा लिया है और कुछ ही देर में उनकी भी मौत हो जाएगी।

**फोन पर बात करते...**

बात करते-करते वह अचानक ऊपर से नीचे गिर गया। सोसाइटी की पहले मंजिल पर बने फ्लैट के मालिक ने अपनी बालकनी में फाइबर की सीट लगाई है। वह फाइबर शीट पर जा गिरा। उसके बाद वह जमीन पर गिरा। इस घटना में उसके पैर की हड्डियां टूट गई है, तथा पेट की अंतड़ी बाहर आ गई है। उसे उपचार के लिए नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। डॉक्टरो के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

**पं. जवाहरलाल नेहरू की...**

दौरान सबसे ज्यादा लम्बे समय तक जेल में रखे गए स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू ने अपना जीवन, अपनी पैतृक सम्पत्ति, अपना सर्वस्व देश के नाम न्यौछावर किया।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में मुकेश शर्मा, गौतम अवाना, दुष्यंत नागर,महाराज सिंह नागर, धर्म सिंह बाल्मीकि, रिजवान चौधरी,देवेश चौधरी, पुनीत मावी, श्रुति कुमारी, कल्पना सिंह, तनवीर चौधरी, सुबोध भट्ट,आर0 के0 प्रथम, गौरव वसिष्ठ,कपिल भाटी, मोहित भाटी, धीरा सिंह, रमेश प्रधान, बिन्नू नेता, सचिन भाटी, मनीष,प्रवीण,अमित कुमार,विवेक आदि कांग्रेस कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

**दो बसों की टक्कर में...**

और पुलिस ने क्षतिग्रस्त बसों से घायलों को बाहर निकाल कर लगभग 15 एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने 15 घायलों को कानपुर के एलएलआर अस्पताल रेफर कर दिया।

इस हादसे में रूबी सिंह (38) पत्नी दिग्विजय सिंह, पप्पी सिंह (38) पत्नी बृजेश सिंह, अलका सिंह (32) पत्नी सूरज सिंह, आंशी सिंह (17) पुत्री विनोद सिंह, शगुन सिंह (16) पुत्री बृजेश सिंह, रूही (6) पुत्री सूरज सिंह, दिलीप सिंह (28) पुत्र हरिशंकर, गली नंबर 3 रेलवे कॉलोनी मंडावली नई दिल्ली, अजय यादव (28) पुत्र जगनलाल, मोतिया खान, नई दिल्ली, राजेश कुमार (47) पुत्र रामकुमार, इटवा राजा पैकुलिया बस्ती, दुर्गेश (30) पुत्र ज्ञान चंद्र, पकरी सोहम, रौना कला रुदौली बस्ती, जीदालाल (50) पुत्र रामलोचन, पकड़ी चिलिहा, सिद्धार्थ नगर, रूही सिंह (12) पुत्री नीरज सिंह, सेक्टर 22 गुड़गांव, हेमलता सिंह (22) पत्नी नीरज सिंह, संत कुमार (44) पुत्र पलटू, कटहा उदय राजगंज जिला सिद्धार्थ नगर, मनमोहन (35) पुत्र रामनारायण, रामदीन पुरवा बसैला उमरी बेगमगंज गोंडा, अभय प्रताप सिंह (32) पुत्र हरिशंकर, चरसड़ी, परसपुर गोंडा, रामनेवल (52) पुत्र रामपाल, निमौचा सहायल रौहनाई अयोध्या, अनिल (18) पुत्र राम समाज, निबियाना सिद्धार्थ नगर, इंद्रजीत (52) पुत्र रामदेव, सजनापार जुगिया उदीयपुर सिद्धार्थ नगर, मोहम्मद सैफ (24) पुत्र सलाउद्दीन, उतरौला बलराम नगर, केशव (45) पुत्र बनारसी प्रसाद, पंचरुघी आनंद नगर महाराजगंज, अनंत राम (18) पुत्र गुझे माझा, रायपुर टिकई नगर बाराबंकी, शिवपूजन (33) पुत्र वासुदेव, फुलिका कपिलवस्तु नेपाल, बलराम चौहान (41) पुत्र मुरारी चौहान, गुड़ कौली, जोगिया उदयपुर, सिद्धार्थ नगर, वीरेंद्र कुमार (42) पुत्र रामासोर, मदराना दलदल्ला, खेसराहा सिद्धार्थनगर, रघुनाथ (60) पुत्र कन्हैया लाल, सूपाराजा, जुगिया उदयपुर, सिद्धार्थ नगर घायल हुए हैं।

**एनएमआरसी के एक्सटेंशन...**

का खर्च आएगा। डीएमआईसी मेट्रो रूट के लिए एनएमआरसी को जमीन उपलब्ध कराएगा। एनएमआरसी के एमडी लोकेश एम ने बताया कि आवासीय एवं शहरी कार्य मंत्रालय में बोडाकी रुट पर प्रजेंटेशन किया गया। जिसमें रूट की वायबिलिटी से लेकर डीपीआर तक की जानकारी दी गई। उम्मीद है जल्द ही केंद्र सरकार की ओर से लाइन को हरी झंडी दी जाएगी। बता दे ये लाइन मल्टीमॉडल ट्रांजिक्ट हब (एमएमटीएच) के लिए भी है। उम्मीद है कि जल्द ही बोटेनिकल गार्डन से सेक्टर-142 तक मेट्रो को भी फाइल कर दिया जाएगा।

खास खबर

## आईपीएल प्लेऑफ के लिए आरसीबी ने मुजरबानी को किया शामिल

**मुम्बई ।** आईपीएल प्लेऑफ से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी की जगह पर जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजरबानी को शामिल किया है। मुजरबानी को आरसीब ने एनगिडी के अस्थायी प्रतिस्थापन के रूप में रखा है क्योंकि एनगिडी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल को देखते हुए स्वदेश रवाना हो रहे हैं। ।
मुजरबानी को आरसीबी ने 75 लाख रुपए में अपने साथ जोड़ा है। वह मंगलवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ अंतिम लीग चरण के खेल के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस गेंदबाज ने अब तक जिम्बाब्वे की ओर से 70 टी20 मैचों में 78 विकेट लिए हैं। मुजराबानी ने इससे पहले कोई भी आईपीएल मैच नहीं खेला था हालांकि वह सुपर जायंट्स के नेट गेंदबाज रहे हैं। वहीं रविवार को ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड कंधे की चोट से उबरने के बाद आरबीबी टीम में शामिल हो गए जिससे प्लेऑफ के लिए आरसीबी की गेंदबाजी मजबूत हुई है।
इस सीजन में आरसीबी की ओर से 10 मैचों में 18 विकेट लेने वाले हेजलवुड फिट नहीं होने के कारण पिछले एक माह से बाहर थे। भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के दौरान वह ऑस्ट्रेलिया लौट आए थे और वहां उन्होंने अपना रिहैब पूरा करते हुए फिटनेस हासिल की।

## कॉनवे ने अंतिम लीग मैच में लगाया अर्धशतक

**अहमदाबाद ।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के सलामी बल्लेबाज डेवन कॉनवे ने यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ हुए अंतिम लीग मैच में शानदार पारी खेलकर फार्म हासिल किया। कॉनवे ने टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों पर ही 52 रन बना दिये। अपनी इस पारी में उन्होंने 6 चौके और 2 शानदार छक्के लगाये। यह इस सत्र में इस बल्लेबाज का दूसरा अर्धशतक रहा, इससे पहले उन्होंने 69 रन बनाये थे। कॉनवे ने धीमी शुरूआत के बाद तेजी से रन बनाये। उन्होंने 34 गेंदों में ही अर्धशतक लगा दिया। इस मैच में कॉनवे ने 14वें ओवर में छक्का लगाकर अपने 50 रन पूरे किये। अर्धशतक के बाद हालांकि वह राशिद खान का शिकार बन गये। कॉनवे ने 35 गेंदों में 52 रन बनाए। कॉनवे ने इस सीजन में खेले छह मैचों में 131.09 की स्ट्राइक रेट से 156 रन बनाए। अब देखना है कि अगले सत्र में सीएसके उन्हें टीम में रखती है या नहीं बहरहाल अपने अंतिम मैच में कॉनवे ने अच्छी बल्लेबाजी कर अपनी दावेदारी मजबूत की है।
सीएसके अगले सत्र के लिए अनुभवी खिलाड़ियों की जगह युवाओं की तलाश कर रहे हैं और ऐसे में उसके लिए कॉनवे भी एक अच्छे खिलाड़ी साबित हो सकते हैं।

## ब्रेविस ने सीएसके की ओर से लगाया संयुक्त रुप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक

**अहमदाबाद ।** युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस की आक्रामक बल्लेबाजी से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने अंतिम लीग मैच में गुजराज टाइटंस को हराकर उनकी शीर्ष पर रहने की संभावनओं को करारा झटका दिया है। सीएसके की टीम का इस सत्र में प्रदर्शन खराब रहा था और वह अंक तालिका में अंतिम स्थान पर है लेकिन अंतिम मैच में उसने गुजराज की बल्लेबाजी की कमजोरी सामने आ दी। इस मैच में सीएसके की टीम में गुरजपनीत सिंह की जगह पर शामिल ब्रेविस ने आईपीएल इतिहास का संयुक्त रुप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक लगाया। ब्रेविस ने 19 गेंदों पर ही 4 चौके और 5 छक्के लगाकर 57 रन बनाये। इससे पहले साल 2014 में पंजाब किंग्स के खिलाफ सुरेश रैना ने 16 गेंद पर अर्धशतक लगा दिया था। वहीं मोईन अली और अजिंक्य रहाणे के नाम 19-19 गेंदों पर अर्धशतक हैं।
वह 13वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरे थे। पहली ही गेंद पर शाहरुख खान के खिलाफ चौका मारा। इसके बाद ब्रेविस ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने सिर्फ 19 गेंद पर फिफ्टी पूरी कर ली। 57 रनों की पारी खेलकर वह 20वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए।

# आईपीएल में आज सुपर जायंट्स को हराकर शीर्ष दो में जगह बनाने उतरेगी आरसीबी

एजेंसी

**लखनऊ ।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम मंगलवार को अपने अंतिम आईपीएल लीग मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को हराकर शीर्ष दो में जगह बनाने उतरेगी। आरसीबी का प्रदर्शन अब तक काफी अच्छा रहा है और उसके बल्लेबाज व गेंदबाज भी लय में है जिससे वह इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार नजर आ रही है। वहीं सुपर जायंट्स की टीम पहले ही प्लेऑफ से बाहर हो गयी है और ऐसे में उसका लक्ष्य इस मैच में जीतकर अपने अभियान का समापन करना रहेगा। आरसीबी के पास 2016 के बाद पहली बार शीर्ष दो में जगह बनाने का अवसर है। शीर्ष दो स्थान पर रहने वाली टीमों को फाइनल में पहुंचने का




एक अतिरिक्त अवसर मिलता है। आरसीबी के नाम 17 अंक है और इस मैच में जीत से उसके 19 अंक हो जाएंगे। इसलिए उसे जीत की सबसे अधिक जरुतर है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की वापसी से आरसीबी की गेंदबाज मजबूत हुई है। हेजलवुड इस सत्र में टीम की ओर से सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाले गेंदबाज रहे हैं। उन्होंने 10 मैचों में 18 विकेट लिए हैं और अभी टूनार्मेंट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों में शामिल हैं। जहां तक बल्लेबाजी की बात है फिल साल्ट, विराट कोहली और कप्तान रजत पाटीदार पर रन बनाने की जिम्मेदारी रहेगी। वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स भी घरेलू मैदान पर जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी क्योंकि अब उसके पास खोने को कुछ नहीं है। अपने पिछले मैच में टाइटंस को हराने के बाद से ही उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। उसकी ओ से एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने अब तक अच्छा प्रदर्शन किया है। ऐसे में टीम को इस बार भी इनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। कप्तान ऋषभ पंत के लिए ये लय हासिल करने का अंतिम अवसर है और देखना है वह इसमें सफल होते हैं या नहीं। गेंदबाजी की जिम्मेदारी शारदुल ठाकुर, आकाश दीप और विल ओरोर्के पर रहेगी। दोनो टीमों के प्रदर्शन की तुलना करें तो आरसीबी 13 मैचों में 8 जीत और 4 हार के बाद 17 अंक और प्लस 0.255 रनरेट के साथ तीसरे पायदान पर है, जबकि सुपर जायंट्स 13 मैचों में 6 जीत और 7 हार के बाद 12 अंक और -0.337 रनरेट के साथ अंक तालिका में सातवें नंबर पर स्थित है।

**टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फिल साल्ट, विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), मयंक अग्रवाल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), टिम डेविड, कृणाल पंड्या, रोमारियो शेफर्ड, भुवनेश्वर कुमार, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, रसिख दार सलाम, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, लियाम लिविंगस्टोन, नुवान तुषारा, लुंगी एनगिडी, मोहित राठी, स्वास्तिक चिकारा, अभिनंदन सिंह।

**लखनऊ सुपर जायंट्स :** ऋषभ पंत (विकेटकीपर/कप्तान), एडेन मारक्रम, मिचेल मार्श, निकोलस पूरन, आयुष बडोनी, अब्दुल समद, डेविड मिलर, शारदुल ठाकुर, आवेश खान, आकाश दीप, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई, प्रिंस यादव, शाहबाज अहमद, मैथ्यू ब्रीट्जके, हिम्मत सिंह, शमर जोसेफ, मणिमरन सिद्धार्थ, आर्यन जुयाल, आरएस हंगरगेकर, युवराज चौधरी, आकाश महाराज सिंह, अर्शिन कुलकर्णी, विल ओरोर्के।

## ऑरेंज और पर्पल कैप की सूची में आया बदलाव, कई खिलाड़ी हुए बाहर

एजेंसी

**मुम्बई ।** आईपीएल में अब प्लेऑफ मुकाबले शुरू होने जा रहे हैं। इससे पहले ऑरेंज और पर्पल कैप की दौड़ में शामिल खिलाड़ियों में बदलाव आया है। ऑरेंज कैप की दौड़ में शामिल शीर्ष 15 में से 9 खिलाड़ी बाहर हो गये हैं। वहीं पर्पल कैप की दौड़ से 7 खिलाड़ी बाहर हो गये हैं। इसका कारण है कि इन खिलाड़ियों की टीमें प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी हैं। वहीं ऑरेंज कैप की दौड़ में गुजरात टाइटंस के साई सुदर्शन अभी शीर्ष पर हैं जबकि पर्पल कैप की दौड़ में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के नूर अहमद शीर्ष पर हैं लेकिन नूर के हाथ से ये कैप




निकलना तय है क्योंकि उनकी टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पायी है। ऐसे में अब ऑरेंज कैप के लिए साई सुदर्शन (679 रन), शुभमन गिल (649), सूर्यकुमार यादव (583), विराट कोहली (548) और श्रेयस अय्यर (488) के बीच जंग है। वहीं, पर्पल कैप के लिए प्रसिद्ध कृष्णा (23), ट्रेंट बोल्ट (19), जोश हेजलवुड (18), आर साई किशोर (17) और जसप्रीत बुमराह (16) के बीच ही मुकाबला है। इस समय ऑरेंज कैप की दौड़ में शीर्ष 15 में मिचेल मार्श चौथे, यशस्वी जायसवाल पांचवें, केएल राहुल सातवें, जोस बटलर आठवें ,निकोलस पूरन नौवें, हेनरिक क्लासेन 11वें, एडेन मारक्रम 13वें, अभिषेक शर्मा 14वें और रियान पराग 15वें नंबर पर हैं। ये 8 खिलाड़ी अब प्लेओं की दौड़ से बाहर हो गये है, क्योंकि इनकी टीमें टूर्नामेंट से बाहर हो गयी हैं। वहीं पर्पल कैप की बात करें तो टॉप पर इस समय नूर अहमद हैं, लेकिन उनकी टीम बाहर हो गयी है। यही कारण है कि उनके हाथ से पर्पल कैप निकल गयी है। गुजरात टाइटन्स के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा उनसे एक विकेट ही और गुजरात प्लेऑफ में पहुंची है ।

## आर पी भटनागर इलाहाबाद क्रिकेट के स्वर्णिम युग के गुमनाम शिल्पकार

एजेंसी

**प्रयागराज।** आर.पी. भटनागर का नाम इलाहाबाद की क्रिकेट विरासत में गहराई से जुड़ा हुआ है। वे एक सच्चे खेल प्रेमी हैं और आज 84 वर्ष की आयु में भी उसी ऊर्जा और उत्साह के साथ जीवन जीते हैं, जैसा कि उनके क्रिकेट के दिनों में हुआ करता था। वे उस बीते दौर से ताल्लुक रखते हैं, जिसकी पीढ़ी अब लगभग समाप्त हो चुकी है। इलाहाबाद क्रिकेट के शुरूआती दिनों की उनकी यादें और अनुभव आज भी प्रेरणादायक हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मार्गदर्शक का कार्य करते हैं। उनका क्रिकेट सफर 1959-60 में के.पी इंटर कॉलेज की क्रिकेट टीम के कप्तान के रूप में शुरू हुआ। इसके बाद 1960-61 में वे सी.एम.पी. डिग्री कॉलेज की टीम के कप्तान बने। इसके पश्चात 1961-62 और 1962-63 में उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय की टीम का



प्रतिनिधित्व किया। 23 जुलाई 1963 को उन्होंने ए.जी.यू.पी. (लेखा महानियंत्रक, उत्तर प्रदेश) में नौकरी जॉइन की और वहां की क्रिकेट टीम के लिए खेलते हुए कप्तानी भी की। वर्ष 1964-65 में वे इलाहाबाद जिला क्रिकेट टीम के कप्तान बने और उसी वर्ष उन्होंने उत्तर प्रदेश रणजी ट्रॉफी टीम का प्रतिनिधित्व भी किया। अपने खेल जीवन के बाद उन्होंने चयनकर्ता के रूप में भी क्रिकेट में योगदान दिया और 1998 से 2003 तक उत्तर प्रदेश रणजी ट्रॉफी टीम के चयनकर्ता रहे। उनका योगदान सिर्फ खेल तक सीमित नहीं रहा, उन्होंने क्रिकेट के संगठन और प्रबंधन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे 1977 से 1995 तक इलाहाबाद के मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय लाल बहादुर शास्त्री क्रिकेट टूर्नामेंट के महासचिव रहे ।

## लाहौर कलंदर्स ने पीएसएल खिताब जीता

- विजेता 4.24 करोड़ रुपए इनाम मिला
- उपविजेता ग्लेडिएटर्स को मिले 1.69 करोड़

एजेंसी

**लाहौर ।** लाहौर कलंदर्स टीम ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) खिताब तीसरी बार जीता है। कलंदर्स ने जिम्बाब्वे के ऑलराउंडर सिकंदर रजा के अच्छे प्रदर्शन की सहायता से क्वेटा ग्लेडिएटर्स को फाइनल मुकाबले में छह विकेट से हराया। इस मैच में रजा ने सात गेंदों पर नाबाद 22 रन बनाए जबकि कुसल परेरा ने 31 गेंदों में नाबाद 62 रनों बनार लाहौर को 19.5 ओवर में चार विकेट पर 204 रन बनाकर जीत दिलायी। इस मैच में क्वेटा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 9 विकेट पर 201 रन बनाए थे। हसन नवाज ने 43 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली। अशरफ 28 ने सलमान मिर्जा के अंतिम ओवर में 23 रन बनाये जिससे क्वेटा 200 रन के ऊपर पहुंच गयी। इसके बाद कप्तान शाहीन शाह अफरीदी ने 24 रन देकर तीन विकेट जबकि हारिस रऊफ ने 41 रन पर दो विकेट लेकर लाहौर को जीत दिला दी। खिताब जीतने पर कलंदर्स को पुरस्कार के रूप में 500,000 डॉलर करीब 4.24 करोड़ रुपए मिले। वहीं उपविजेता टीम ग्लेडिएटर्स को 200,000 डॉलर तकरीबन 1.69 करोड़ रुपए मिले। लाहौर पहुंचने के लिए कई उड़ान लेने वाले रजा पर थकान का कोई लक्षण नहीं दिखा। उन्होंने तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर की पहली दो गेंदों पर चौका और छक्का जड़ा। फहीम अशरफ की अंतिम तीन गेंदों पर टीम को जीत के लिए आठ रन चाहिए थे। रजा ने इस तेज गेंदबाज के खिलाफ छक्का और फिर फिर मिड-ऑन पर चौका जड़कर लाहौर को यादगार जीत दिला दी।



चीन में पुरुष वर्ग की मैराथन दौड़ में इथोपिया के विजेता सिबोका नेगयूसी और अन्य प्रतियोगी।

## अगले सत्र में वापसी करेंगे : रहाणे

एजेंसी

**मुम्बई ।** आईपीएल के इस सत्र से बाहर होने पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान आजिंक्य रहाणे ने निराशा जतायी है। रहाणे ने कहा कि इस बार टीम उम्मीद के अनुसार नहीं खेल पायी पर कहा कि अगले सत्र में वह बेहतर प्रदर्शन कर वापसी का पूरा प्रयास करेगी। उसे अंतिम लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से 110 रन से सबसे बड़ी पारी का सामना भी इस बार करना पड़ा है। केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने कहा कि विरोधी टीम ने अच्छी बल्लेबाजी की। वहीं हमारी टीम अच्छी गेंदबाजी नहीं कर पायी। साथ ही कहा कि सनराइजर्स के बल्लेबाजी ने हर प्रकार की कमजोर गेंद का लाभ उठाया। इसलिए जीत का श्रेया उन्हें जाता है। साथ ही कहा कि हमारे गेंदबाज बनायी गयी योजना पर अमल नहीं कर पाये। रहाणे ने कहा कि हमने रणनीति बनाई लेकिन उसे लागू नहीं कर पाए। हमने गेंदबाजी इकाई के रूप में पूरी पारी में बहुत सारी गलतियां कीं। पूरे सत्र में हमारे पास अवसर था जिसका हम लाभ नहीं उठा पाये। हमारे इस सत्र में दो से तीन करीबी मैच रहे हैं। हम एक इकाई के रूप में नहीं खेल पाये। । हमने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास किये थे। ये प्रारुप हमारे लिए अच्छा नहीं रहा पर इससे हमें काफी कुछ सीखने को भी मिला है।



## सिंगापुर ओपन में सात्विक-चिराग करेंगे भारतीय चुनौती का नेतृत्व

**नई दिल्ली ।** सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट मंगलवार से शुरू होने जा रहा है, जिसमें भारत की स्टार जोड़ी सात्विकसैराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की बहुप्रतीक्षित वापसी देखने को मिलेगी। चोटों से जूझने के बाद अब यह जोड़ी पूरी तरह फिट है और मलेशिया की जोड़ी चूंग हॉन जियान और मुहम्मद हैकाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी। पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 सात्विक और चिराग आखिरी बार ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में खेले थे, लेकिन चिराग की पीठ की चोट के कारण दूसरे दौर से हट गए थे। इसके बाद सात्विक की तबीयत के चलते वे सुदीरमन कप से भी बाहर रहे। अब दोनों फिर से टॉप लेवल पर खेलने को तैयार हैं।



### प्रणय और लक्ष्य सेन की चुनौती

2023 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एच.एस. प्रणय, जो पिछले साल चिकनगुनिया से जूझ रहे थे, अब वापसी की राह पर हैं। वह डेनमार्क के रासमुस गेमके के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेंगे। पेरिस ओलंपिक सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले लक्ष्य सेन के लिए यह टूर्नामेंट अहम होगा। इस साल उन्होंने चार बार पहले ही राउंड में हार झेली है। उनका पहला मुकाबला लिन चुन यी से होगा।

### महिला एकल में सिंधु की अगुवाई

**भारत** की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु इस बार महिला एकल की अगुवाई करेंगी। फरवरी में ट्रेनिंग के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट के बाद वह एशिया टीम चैंपियनशिप से बाहर रहीं। वापसी के बाद उन्होंने थूई लिन्ह गुयेन, पुत्री वारदानी और किम गाए यून के खिलाफ हार का सामना किया। सिंधु का पहला मुकाबला कनाडा की वेन यू झांग से होगा।

### अन्य भारतीय खिलाड़ियों की राह कठिन

टूर्नामेंट में अन्य भारतीय खिलाड़ियों के लिए राह कठिन है। अनमोल खर्ब का सामना चीन की ओलंपिक चैंपियन चेन यू फी से होगा। जबकि आकर्षी कश्यप तीसरी वरीयता प्राप्त हान युए से भिड़ेंगी। मालविका बंसोड़ थाईलैंड की सुपनिदा काटेथोंग से खेलेंगी।

## आईपीएल सत्र में विफल रहे शमी के बचाव में उतरे कोच विटोरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** आईपीएल के इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इससे टीम को भी नुकसान हुआ है और वह लीग स्तर पर ही बाहर हो गयी है। शमी इस सत्र में 9 मैचों में केवल छह विकेट ही ले पाये। इसी को देखते हुए अब सनराइजर्स के मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने आलोचनाओं का सामना कर रहे शमी का बचाव किया है। विटोरी ने अंतिम मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ जीत के बाद शमी का बचाव करते हुए कहा, ह्यबहुत समय से उन्होंने टी20 क्रिकेट नहीं खेला था, इसलिए वापसी में हमेशा ही परेशानी आती है। पिछले डेढ़ साल से वह खेल से दूर थे जिसके बाद लय हासिल करने में समय लगता है। उन्होंने कहा, ह्यजब वह पिछली बार गुजरात टाइटंस के लिए खेले थे तो पर्पल कैप विजेता थे, इसलिए मुझे लगता है कि उनके लिए चुनौती प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखना रहा है। मुझे लगता है कि जब वह उस लंबाई पर गेंद डालते हैं तो वह अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर होते हैं और शायद इस बार वह उस सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं थे जो हमने पूर्व में देखा है। विटोरी ने कहा, ह्यमुझे पता है कि उन्होंने काफी कड़ी मेहनत की थी और वह अच्छा प्रदर्शन करने के लिए बेसब्र थे पर यह उनका सत्र नहीं था लेकिन ऐसा कोई कारण नहीं है कि वह एक गेंदबाज के रूप में अपने स्तर को देखते हुए वापसी ना कर पाये।



# वेस्टइंडीज ने आयरलैंड को 197 रनों से हराया

एजेंसी

**जमैका ।** वेस्टइंडीज ने वर्षा बाधित दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मुकाबले में आयरलैंड को 197 रनों से हराकर एकदिवसीय सीरीज में 1-1 से बराबरी हासिल की है। इस मैच में वेस्टइंडीज की जीत में केसी कार्टी की शतकीय पारी की अहम भूमिका रही। कार्टी ने 170 रन बनाकर अपनी टीम को एक बड़े स्कोर तक पहुंचाया। कार्टी के अलावा शाई होप और जस्टिन ग्रीव्स ने अर्धशतक लगाये। इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट पर 385 रन बनाए इसके बाद आयरलैंड को जीत के लिए 386 रनों का लक्ष्य मिला। बारिश के कारण इसे 46 ओवरों में 363 कर दिया गया। इसका पीछा करते हुए आयरलैंड की पूरी टीम 29.5 ओवर में ही 165 रनों पर सिमट गयी। आयरलैंड ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाज शुरू की। वेस्टइंडीज के केसी कार्टी ने तेजी से रन बनाये। इसके अलावा होप और ग्रीव्स ने भी तेजी से रन बनाये। कार्टी और साई होप ने तीसरे विकेट के लिए 137 रनों की साझेदारी की। होप 75 गेंद पर 75 रन बना कर आउट हुए। वेस्टइंडीज ने अंतिम आठ ओवरों में तेजी से खेलते हुए 132 रन बनाये। ये किसी भी टीम की ओर से बनाये तीसरे सबसे ज्यादा रन हैं। वहीं आयरलैंड की ओर से बैरी मैकाथी ने 3 विकेट जबकि लियाम मैकार्थी ने 2 विकेट लिए। इस मैच में आयरलैंड की शुरूआत अच्छी नहीं 385 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसका पहला विकेट 3 रनों पर ही गिर गया। इसके लोर्कन टकर और कैड कारमाइकल और आगे के बल्लेबाजों ने पारी को संभाला।



## फ्रेंच ओपन में राफेल नडाल को दी गई भावभीनी विदाई

**पेरिस ।** 14 बार के फ्रेंच ओपन चैंपियन और पूर्व स्पेनिश टेनिस स्टार राफेल नडाल को रविवार को रोलां गैरोस कॉम्प्लेक्स के कोर्ट फिलिप शात्रिए पर आयोजित एक विशेष समारोह में भावभीनी विदाई दी गई। 38 वर्षीय नडाल ने पिछले साल नवंबर में टेनिस से संन्यास लिया था और इस अवसर पर हजारों दर्शकों ने खड़े होकर उन्हें सम्मान दिया।

### 20 साल के सफर पर नडाल हुए भावुक

समारोह के दौरान नडाल ने जब अपने करियर की झलकियों का वीडियो देखा तो वे बेहद भावुक हो गए। उन्होंने कहा,मुझे नहीं पता कहां से शुरू करूंङ्घ मैं पिछले 20 सालों से इस कोर्ट पर खेलता आया हूं। मैंने यहां दर्द भी सहा है, जीत का स्वाद भी चखा है, और हार भी देखी है। इस कोर्ट पर मेरे जीवन की सबसे गहरी भावनाएं जुड़ी हैं।

## सनराइजर्स और केकेआर मैच में एकसाथ बने कई रिकार्ड

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अपने अंतिम लीग मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को 110 रन से हरा दिया। इस मैच में केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 278 रन बनाए। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए केकेआर 18.4 ओवरो में 168 रन ही बना पायी। इस मैच में कई रिकार्ड भी बने हैं। सनराइजर्स के हेनरिक क्लासेन ने लीग का तीसरा सबसे तेज शतक लगाया। वहीं केकेआर के सुनील नरेन टी-20 में किसी भी टीम की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज बने। क्लासेन ने इस मैच में कुल 9 छक्के लगाये। ये सनराइजर्स के किसी भी बल्लेबाज के एक पारी में लगाये सबसे अधिक छक्के हैं। इस सत्र में सबसे अधिक छक्के अभिषेक शर्मा के नाम हैं, अभिषेक ने इस सत्र में पंजाब किंग्स के खिलाफ हैदराबाद में 10 छक्के लगाये थे। हैदराबाद की टीम ने इस मैच में कोलकाता के खिलाफ सबसे अधिक 19 छक्के लगाये, ये दूसरी बार है जबकि किसी भी एक पारी में इतने अधिक छक्के लगाये गये हैं।

## पॉपुलर होगा एथेलीस्योर स्टाइल



**किसका** मन नहीं करता कि अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ ऐसा पहनें जिसमें स्टाइल भी हो और कंफर्ट भी। पर ये सोचना जितना आसान हैं, अपने कपड़ों को स्टाइल के साथ पहनना उतना ही मुश्किल और किसी तरह नए-नए स्टाइल अपना भी लें तो उन स्टाइलिश कपड़ों की देखरेख काफी भारी पड़ती है। लेकिन अब यह मुश्किल आसान करने के लिए एक खास प्रोडक्ट आ चुका है। यह है पीएंडजी का प्रोडक्ट एरियल। एरियल ने इंटरनेशनल डिजाइनर के साथ मिलकर एथेलीस्योर यानी की एथलेटीक और लेजर स्टाइल के कपड़े निकाले हैं। अब आप सोच रहे होंगे की यह नया नाम क्या है? आपको बता देते हैं एथेलीस्योर फैशन इंडस्ट्री में लेटेस्ट ट्रेंड हैं। इसमें स्पोर्ट्स वियर और रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाले कपड़ों के स्टाइल को मिलाकर एक नया क्लोदिंग रेंज तैयार किया जाता है। मशहूर ब्रिटिश फैशन डिजाइनर जाइल्स डीकन के इस रेंज को बाजार में उतारने से पहले पी एंड जी ने लोगों की पसंद के मुताबिक पहने जाने वाले कपड़ों पर एक सर्वे किया। सर्वे के मुताबिक 71 प्रतिशत लोग ऐक्टिविटीज इंस्पायर्ड कपड़े पहनना पसंद करते हैं। 27 प्रतिशत लोगों का मानना है कि लेगिंग्स उनको काफी आरामदायक लगती है। 56 प्रतिशत लोग यात्रा के दौरान पहने जाने वाले लोग कपड़ों की खास रेंज चाहते हैं। इस सर्वे के नतीजों को ध्यान में रखकर ही इंटरनेशनल डिजाइनर जाइलज डीकन ने एथेलीस्योर की पूरी क्लोदिंग रेंज तैयार की है। फैशन एक्सपर्ट्स की मानें तो एथेलीस्योर स्टाइल 2020 में सबसे ज्यादा पॉपुलर हो जाएगा। योगा पैंट्स, इंडियन और वेस्टर्न कपड़ों के साथ पहने जाने वाली लेगिंग्स और जग्गिंग्स इन्ही कपड़ों के उदाहण हैं।

## गणित के हिसाब से शादी की उम्र...



**शादी** जिंदगी भर का बंधन है और इसका फैसला सोच-समझकर करना चाहिए। शादी की सही उम्र वही होती है, जब आप इसके लिए पूरी तरह से तैयार हों, लेकिन गणित इस बारे में कुछ और कहता है। गणित कहता है शादी की सही उम्र 28 ओर 32 के बीच है। इस उम्र में तलाक की आशंका सबसे कम होती है। इस उम्र तक आते-आते आप मानसिक, शारीरिक और सामजिक रूप से मजबूत हो चूके होते हैं और यही क्वॉलिटी आपको अच्छा जीवनसाथी बनाती हैं। उटाह यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के मुताबिक जो लोग 28 और 32 के बीच शादी करते हैं वह अपनी शादी सफलता के साथ निभाते हैं। यह एक नया परिवर्तन है।

आमतौर पर माना जाता रहा है कि देर से शादी करना, शादी को निभाने काबिल बनाता है। यह अध्ययन लोगों के मानसिक बदलाव को दर्शाता है। टीन ऐज में शादी करने से अधिकतर लोगों की पसंद-नपसंद में बदलाव आता है, जिसकी वजह से तलाक होते हैं। बढ़ती उम्र यानी 28, 30 और 40 से पहले कि उम्र में व्यक्ति शांत और स्थिर हो जाता है और यही उसे अच्छा जीवनसाथी बनाने में सहायक होते हैं। यह शोध दी जनरल प्रो-मैरिज इंस्टीट्यूट आफ फैमिली स्टडीज द्वारा प्रकाशित किया गया है।

## पॉप कलर्स के वूलन्स..

**विंटर्स** में वूलन्स में जो ट्रेंड सबसे ज्यादा चलन में है, वह है पॉप कलर्स। यानी ब्राइट कलर्स के वूलन्स। पीला ब्राइट ओवरकोट आप पर तब अच्छा लगेगा, जब आप इसके साथ डार्क कलर की एसेसरी इस्तेमाल करेंगी। आप हैंडबैग और फुटवियर का कलर भी डार्क रख सकती हैं। आजकल स्लिमफिट वूलन कुर्तियां भी चलन में हैं। आप इन्हें डेनिम के साथ कैरी कर सकती हैं। यह आपको कैजुअल लुक देगा, इसलिए इसके साथ आपको ज्यादा एसेसरीज की जरूरत नहीं। मेकअप सिंपल रखें। यदि ऑफिस के लिए ब्राइट कलर कैरी करना चाहती हैं तो कोट या जैकेट सबसे अच्छा विकल्प है। इसके साथ आप हैंडबैग, ब्रेसलेट कैरी कर सकती हैं। फुटवियर में हाई हील कैरी करें और कलर डार्क चुनें। इसके साथ ज्वैलरी भी मैच कराई जा सकती है। कोट के साथ बालों को खुला न रखें। ईवनिंग आउट या फिर पार्टीज के लिए आप निटेड पुलओवर चुनें। यह आपके स्टाइल स्टेटमेंट को निखार देगा।इस पर ट्राइबल ज्वैलरी या एथनिक ज्वैलरी अच्छी लगेगी। पुलओवर पसंद नहीं तो आप श्रग भी इस्तेमाल कर सकती हैं।



# खतरनाक है डॉक्टर गूगल...

कई लोग सर्च इंजन गूगल को डॉक्टर समझकर उस पर छोटी-मोटी बीमारी के लिए दवाएं सर्च करने लग जाते हैं। यह सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है क्योंकि हो सकता है जिस बीमारी के लक्षणों के चलते आप गूगल पर उसका इलाज खोज रहें हैं वे लक्षण किसी और बिमारी के हों। ऐसे में अगर कोई बिना डॉक्टर की सलाह के गूगल पर अपनी बीमारी के लक्षण के अनुसार दवाई लेना शुरू कर देगा तो यह स्वास्थ के लिए घातक हो सकता है। एक और खतरा सामने आया है वह यह कि एशिया में 90 फीसदी डॉक्टर्स भी गूगल और इंटरनेट सर्च के आधार पर मरीजों का इलाज कर रहे हैं।



वर्तमान दौर में लोग अपने जीवन से जुड़े हर सवालों का जवाब सर्च इंजन गूगल पर ढूंढते हैं, लेकिन जहां तक स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियों की बात है, तो लोग गूगल को अपना चिकित्सक मानकर मुफ्त में मुसीबत मोल लेते हैं। हालात यह है कि शरीर में एक छोटी सी फुंसी को वे कैंसर और सिरदर्द को ब्रेन ट्यूमर समझकर मानसिक अवसाद तक के शिकार हो जाते हैं।

शरीर में किसी प्रकार की समस्या होने पर गूगल पर उसके बारे में टोह लेने में कोई समस्या नहीं है, लेकिन इसके बाद लोगों को यह पता नहीं होता कि उन्हें कहां पर रुकना है। सही तरीका तो यही है कि जब चिकित्सक किसी को किसी बीमारी की पुष्टि कर दे, तब सर्च इंजन पर जाकर उससे संबंधित जानकारियां जुटाना फायदे का सौदा हो सकता है, लेकिन चिकित्सक के पास जाने के बजाय लक्षणों के आधार पर अपना इलाज खुद करना खतरनाक साबित हो सकता है।

### युवाओं में है चलन

सबसे बड़ी समस्या यह है कि इंटरनेट पर अथाह सूचनाएं मौजूद हैं, जो सही भी हो सकती हैं, लेकिन जब हमारी बीमारी का लक्षण किसी दूसरी बीमारी के लक्षणों से मेल खाता है, तब भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसीलिए बीमारी की सही जांच बेहद जरूरी है। कई युवा ऐसे हैं जो अपनी छोटी से छोटी शारीरिक समस्या के समाधान के लिए इंटरनेट से चिपके रहते हैं। 25-40 वर्ष आयु वर्ग के लोग लक्षणों के आधार पर इंटरनेट पर बीमारी का पता लगाने के चक्कर में पड़ रहते हैं, जिसका कोई परिणाम नहीं निकलता, सिवाय वे चिंतित होकर अपने स्वास्थ्य को और बिगाड़ते हैं।

### मुफ्त में परेशानी

लोगों को इस बात से सावधान होना चाहिए कि वे ऐसा कर मुफ्त में परेशानी मोल लेते हैं।

छोटी से छोटी बीमारी के लक्षणों को भयंकर बीमारी मानकर वे मानसिक अवसाद की स्थिति में चले जाते हैं, क्योंकि विभिन्न रोगों के लक्षणों में अक्सर समानता होती है। डॉक्टरों के मुताबिक गूगल को चिकित्सक मानने के जाल से लोगों को सावधान रहना चाहिए, क्योंकि इससे कुछ अच्छा होने के बदले आपका बड़ा नुकसान हो सकता है।

### इलाज के दौरान मोबाइल

इस अध्ययन में यह भी खुलासा हुआ है कि तीन में एक डॉक्टर इलाज के दौरान अपने हाथ में मोबाइल फोन अथवा टैबलेट रखता है तथा कोई भी समस्या होने पर इलाज सर्च कर लेते हैं। इस अध्ययन में सामने आया है कि एक डॉक्टर एक दिन में कम से कम 6 प्रोफेशनल सर्च करता है। इसमें चौंकाने वाली बात यह भी है कि 58 फीसदी फिजिशंस कंप्यूटर पर नेट सर्च कर इलाज कर रहे हैं। वहीं 14 फीसदी अभी भी प्रकाशित माध्यम पर भरोसा कर रहे हैं।

### डॉक्टर भी गिरफ्त में

भले ही यह बात चौंकाने वाली लगे लेकिन सच है, कि एशिया में 90 फीसदी से अधिक डॉक्टर्स गूगल और इंटरनेट सर्च के आधार पर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। एशियाभर में हुए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है। हालांकि इसें डिजिटल क्रांति कहें या मेडिकल क्षेत्र की बेबसी, लेकिन रेफरेंस ड्यूरिंग ट्रीटमेंट एंड सर्जरी के तहत किए गए एक अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है। स्टडी में यह बात सामने आई है कि डॉक्टर्स इलाज के दौरान गूगल और इंटरनेट बीमारी का उपाय खोजते हैं।








## ब्यूटी स्पॉट को लेकर सावधान...



**चेहरे** या शरीर के किसी अन्य हिस्से पर दिखने वाले तिल या मस्से हमेशा ब्यूटी स्पॉट नहीं होते। अगर 20 की उम्र के बाद ऐसे तिल या मस्से शरीर के किसी भी हिस्से में निकलते हैं तो उनके प्रति सचेत रहना बेहद जरूरी है, क्योंकि वो खतरे की घंटी हो सकते हैं। इस समस्या के बारे में जानना बेहद जरूरी है। फिल्म अभिनेत्री रेखा के होठों के ऊपर का तिल और रति अग्निहोत्री के चेहरे का तिल अनायास ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। यह सच है कि चेहरे के किसी विशिष्ट स्थान का ब्यूटी स्पॉट आकर्षण का केंद्र होता है, लेकिन अगर आपके चेहरे पर अचानक से ही कोई तिल निकल आये तो आपको खुश नहीं होना चाहिए, बल्कि सावधान हो जाना चाहिए।

### कब मिले डॉक्टर से

कई बार अचानक ही चेहरे पर तिल और मस्सा निकलने लगता है। अगर जन्म के समय से ही आपके चेहरे पर मस्सा या तिल है तो वह हानिकारक नहीं होता, लेकिन अचानक से ही चेहरे पर बहुत ज्यादा तिल निकलने लगे तो यह खतरे की निशानी हो सकते हैं। जैसे ही आपके चेहरे पर तिल या मस्सा निकले तो आप उसका निरीक्षण करें। अगर उसमें बदलाव होने लगे तो फिर तुरंत ही त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करें। इस बात का पता चल जाने पर कि आपके चेहरे पर निकला ब्यूटी मार्क हानिकारक है, उसे निकाल कर शरीर के दूसरे हिस्सों में होने वाले संक्रमण को रोका जा सकता है।

### निगरानी जरूरी



अधिकतर ब्यूटी स्पॉट 20 साल तक की उम्र में निकल जाते हैं, जो आमतौर पर हानिकारक नही होते, लेकिन अगर 20 साल के बाद अचानक से ही आपके चेहरे पर ब्यूटी स्पॉट यानी तिल या मस्सा निकले तो उसकी निगरानी जरूरी है। यह जरूरी नहीं कि आपके शरीर पर ब्यूटी स्पॉट खतरे की निशानी ही हो, लेकिन डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है।

### कैंसर का कारण तो नहीं

तिल या मस्से को कई बार लोग बिना किसी चेकअप के लेजर तकनीक से हटवा लेते हैं, जो गलत है। तिल या मस्से को हटवाने से पहले जांच करवा लेनी चाहिए, ताकि पता चल सके कि वह कैंसर का कारण तो नहीं। जब चेहरे पर कोई तिल या मस्सा निकलता है तो छोटे आकार में हल्के भूरे रंग का होता है, लेकिन समय के साथ यह अलग आकार और रंग में बदल सकता है। यह बदलाव ब्यूटी स्पॉट के रूपरंग पर निर्भर करता है। जो मोल्स जन्म के समय से ही शरीर पर होते हैं, उन्हें कंजेनिटल मोल्स के तौर पर जाना जाता है। एक प्रतिशत लोग ही ऐसे होते हैं, जिनके शरीर पर जन्म के समय कोई तिल या मस्सा होता है। आगे चल कर यह त्वचा संबंधी समस्या का कारण बन सकता है, लेकिन यह जरूरी नहीं है।

### धूप से बचाव जरूरी

जब चेहरे पर एक साथ बहुत सारे तिल या मस्से निकल आएं तो इसे एक्वायर्ड मोल्स के नाम से जाना जाता है। यह बहुत ज्यादा धूप में रहने की वजह से भी हो जाते हैं। इससे बचने के लिए धूप से बचाव जरूरी है। ये खतरनाक नहीं होते। कई बार चेहरे पर असामान्य आकार के स्पॉट नजर आने लगते हैं, जो या तो गहरे भूरे रंग के होते हैं या फिर लाल रंग के। इनका आकार बढ़ता जाता है। अगर आपके चेहरे पर इस तरह के निशान नजर आएं तो डॉक्टर से संपर्क करें।

# ये पाबंदियां दिलचस्प हैं...

देश बड़ा हो या छोटा, हर किसी के अपने ही कायदे-कानून है। इन कानूनों को तोड़ने पर सजा का प्रावधान भी है।

**कई** देशों ऐसे भी हैं जहां कुछ चीजों के इस्तेमाल पर पाबंदी लगाई गई है जो सच में हैरान करने वाली हैं। केवल हमारे ही देश में नहीं बल्कि दुनियाभर में तरह तरह की चीजों पर पाबंदियां हैं। आज हम आपको ऐसी बैन की हुई चीजों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### माथे पर त्यौरी चढ़ाना

इटली के महानगर मिलान में माथे पर त्यौरी चढ़ाने पर सख्त मनाई है। यहां चेहरे पर हर समय स्माइल होना बहुत ही जरूरी है। केवल अस्पताल और शोक सभा में ऐसा न करने की छूट है। इस नियम को तोड़ने पर जुर्माना लग सकता है।

### समोसे पर रोक

सोमालिया में जाकर आप टेस्टी समोसा नहीं खा सकते। यहां पर ट्रैंगल शेप के इस टेस्टी समोसे पर रोक इसलिए क्योंकि इसकी आकृति ईसाइयों के पवित्र ट्रिनिटी जैसी है। इसे पकाने, खाने, खरीदने पर सजा हो सकती है।



### जॉगिंग पर पाबंदी

बुरुंडी के राष्ट्रपति ने 2014 को जॉगिंग करने पर यह कह कर रोक लगा दी कि समाज विरोधी गतिविधिया छिपाने के लिए लोग इसका इस्तेमाल कर रहे है। यहां तक कि समूह में जॉगिंग करने वाले कई सदस्यों को जेल में भी डाल दिया गया है।



### स्पाइकी हेयरकट करने पर रोक

ईरान में बाल खड़े करने पर रोक है। ईरानी युवक इन दिनों लोकप्रिय स्पाइकी हेयर कट यानी की बालों को खड़े करने वाले हेयरस्टाइल के अलावा पोनीटेल और टैटू भी नहीं बनवा सकते हैं। उनका मानना है कि ऐसे हेयरस्टाइल शैतान की पूजा और समलैंगिक व्यवहार को प्रदर्शित करता है।

### वीडियो गेम पर पाबंदी

ग्रीस में वर्ष 2002 में सरकार ने गैर कानूनी रूप से जुआ खेलने वालों पर काबू पाने के लिए इलैक्ट्रॉनिक और सॉफ्टवेयर की मदद से खेली जाने वाली गेम पर पाबंदी लगा दी थी, जिसके तहत वीडियो गेम खेलना अवैध है।

### फ्लश पर पाबंदी

स्विजरलैंड में किसी भी अपार्टमैंट बिल्डिंग में रात के 10 बजे के बाद टॉयलेट फ्लश करना मना है। वहां की सरकार इसे ध्वनि प्रदूषण मानती है। वैसे यह रोक सच में हैरान करने वाली है।



# शुगर स्तर कम करने में मदद करता है जीरा

**जीरा** न सिर्फ भोजन के स्वाद को बेजोड़ बनाता है बल्कि कई बीमारियों में भी बहुत लाभदायक होता है। डायबिटीक लोगों के लिए जीरा अत्यंत लाभकारी है। यह खून में शुगर स्तर को कम करने में मदद करता है। जीरे में आयरन भरपूर मात्रा में होता है जिससे यह खून की कमी यानी एनीमिया को दुरुस्त करता है और रक्त में हीमोग्लोबिन के स्तर को बढ़ाता है।

यह शरीर में ऑक्सीजन का सभी हिस्सों में पहुंचना सुचारू करता है। दमे के मरीजों को इसके भरपूर लाभ मिलते हैं। इसमें थायमोजयीनॉन नामक एक खास तत्व होता है जो दमे को रोकने बहुत कारगर है। भारतीय पाक कला में मसालों के इस्तेमाल का अलग ही महत्व है। मसाले न सिर्फ स्वाद बढ़ाने का काम करते हैं बल्कि ये स्वास्थ्य के लिए भी बेजोड़ होते हैं। हमारे खाने में कई पकवान तो इन मसालों के नाम पर ही जाने जाते हैं जैसे ज्यादातर पसंद किया जाने वाला जीरा राइस। सही समझे आप, जीरे में कई तरह के गुण छुपे हुए हैं जिनसे आपकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं दूर हो सकती हैं। जीरा काला, सफेद और मटमैले रंग में उपलब्ध होता है। जीरे के स्वास्थ्य संबंधी गुण इसे न केवल भारतीय खाने का अहम हिस्सा बनाते हैं बल्कि पुराने समय में यह रोमन, ग्रीक और मिस्र संस्कृति का भी खास हिस्सा था। इतना खास कि यह करंसी के तौर पर इस्तेमाल किया जाता था। जीरा शरीर के सभी अंगों के लिए बहुत फायदेमंद है क्योंकि इसकी तासीर गर्म होती है और इसके उपयोग से कई प्रकार के लाभ होते हैं। हमारे शरीर में विभिन्न कारणों से गंदगी आ जाती हैं जिन्हें शरीर पसीने और फुंसियों के रूप में बाहर निकालता है। जीरे का नियमित इस्तेमाल शरीर की शोधन करने की प्रक्रिया को तेज करता है।



# प्रियंका चोपड़ा से दीपिका पादुकोण तक, फिल्मों के लिए तगड़ी फीस लेती हैं ये अभिनेत्रियां



हाल ही में खबर आई कि दीपिका पादुकोण की एंट्री प्रभास अभिनीत फिल्म स्पिरिट में हो गई है। इस फिल्म के लिए अभिनेत्री ने मोटी फीस चार्ज की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक उन्होंने करीब 20 करोड़ रुपये लिए हैं। इस रकम के साथ वे बॉलीवुड की सर्वाधिक फीस लेने वाली अभिनेत्रियों के लिस्ट में शामिल हो गई हैं। फिल्मों के लिए तगड़ी फीस लेने वाली अभिनेत्रियों के बारे में जानते हैं...

### प्रियंका चोपड़ा

भारत में सर्वाधिक फीस लेने वाली अभिनेत्रियों के लिस्ट में देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा सबसे ऊपर हैं। हालांकि, पिछले छह वर्ष से उनकी कोई भारतीय फिल्म रिलीज नहीं हुई है। अब वे एस एस राजामौली की फिल्म में नजर आएंगी। इसमें वे महेश बाबू के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक प्रियंका चोपड़ा ने इस साउथ फिल्म के लिए करीब 30 करोड़ रुपये फीस चार्ज की है। भारतीय सिनेमा में यह किसी अभिनेत्री के लिए सबसे ज्यादा फीस हो सकती है, लेकिन हॉलीवुड में वे इससे भी ज्यादा फीस चार्ज करती हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक सिटाडेल सीरीज के लिए उन्होंने करीब 41 करोड़ रुपये फीस ली।



### कैटरीना कैफ

कैटरीना कैफ बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस में शामिल हैं। फीस के मामले में भी वह हाइएस्ट पेड अदाकाराओं में शामिल हैं। वे विज्ञापनों के लिए करीब छह से सात करोड़ रुपये फीस चार्ज करती हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कैटरीना प्रति फिल्म करीब 10-12 करोड़ रुपये प्रति फीस लेती हैं।



### आलिया भट्ट

आलिया भट्ट का नाम भी लिस्ट में शामिल है। कपूर परिवार की बहू बन चुकीं आलिया प्रति फिल्म करीब 10 से 15 करोड़ रुपये फीस चार्ज कती हैं।




### करीना

इंडस्ट्री के प्रतिष्ठित कपूर परिवार की करीना कपूर बॉलीवुड की पावरहाउस स्टार हैं। शादी और मां बनने के बाद भी करियर को किस कदर आगे बढ़ाया जा सकता है, करीना ने इसका उदाहरण सेट किया है। फीस की बात करें तो मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक वे प्रति फिल्म करीब 8-18 करोड़ रुपये फीस लेती हैं।

### श्रद्धा कपूर



बीते वर्ष फिल्म स्त्री 2 से बॉक्स ऑफिस की गद्दी पर राज करने वाली अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की भी अपनी चमक है। वह फिल्मों के लिए 7-15 करोड़ रुपये फीस लेती हैं। इसके अलावा विज्ञापनों के लिए भी वह अच्छी-खासी रकम चार्ज करती हैं।



# 'हेरा फेरी 3' कॉन्ट्रोवर्सी पर बोले डायरेक्टर प्रियदर्शन

परेश रावल के फिल्म 'हेरा फेरी 3' छोड़ने की खबर ने फैंस और फिल्म इंडस्ट्री को चौंका दिया है। फिल्म के डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अब इस पूरे मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए अमर उजाला से एक्सक्लूसिव बातचीत की। उन्होंने कहा कि परेश ने यह फैसला करने से पहले उन्हें कोई जानकारी नहीं दी थी। वो खुद इस स्थिति से हैरान और निराश हैं।

### आज तक परेश ने इस बारे में बात नहीं की

बातचीत में प्रियदर्शन ने कहा, फिल्म शुरू होने से पहले मैंने तीनों ङ्क अक्षय, सुनील और परेश ङ्क से क्लियर पूछा था कि क्या आप लोग तैयार हैं? सबने कहा ङ्क हां। फिर हमने एक दिन शूट भी किया। सब स्मूद चला। लेकिन अचानक परेश जी के हटने की खबर आई... बिना कुछ बोले, बिना कोई कारण बताए। आज तक उन्होंने मुझसे इस बारे में कोई बात ही नहीं की।'

### 'भूत बंगला' के सेट पर कोई तनाव नहीं दिखा

डायरेक्टर ने आगे बताया, ना कोई कॉल, ना कोई मैसेज। हाल ही में हमने 'भूत बंगला' की शूटिंग पूरी की। इस फिल्म में भी अक्षय और परेश दोनों साथ थे। वहां भी सब कुछ नॉर्मल था। दोनों के बीच बिल्कुल कॉर्डियल और प्रोफेशनल रिश्ता था। कोई तनाव नजर नहीं आया।

वहीं जब हमने प्रियदर्शन से पूछा कि क्या वाकई अक्षय कुमार ने परेश रावल पर 25 करोड़ का दावा ठोका है, तो उन्होंने कहा, इस फिल्म के राइट्स और प्रोडक्शन अक्षय कुमार संभाल रहे थे। ऐसे में अगर किसी को नुकसान हुआ है तो वो सिर्फ अक्षय हैं। अगर परेश जी को कोई दिक्कत थी तो कम से कम बात करते। खैर, मैं सिर्फ डायरेक्टर हूं। मुझे नहीं पता उनके और अक्षय के बीच क्या हुआ? ना उन्होंने कुछ बताया, ना ही कोई बातचीत की। मैं पूरी तरह ब्लैंक हूं।'

# करिश्मा तन्ना को नहीं मिल रहा ढंग का काम



करिश्मा तन्ना को आखिरी बार अमेजन प्राइम के शो कॉल मी बे में देखा गया था। इसमें एक्ट्रेस गेस्ट अपीयरेंस में नजर आई थीं। करिश्मा फुल फ्लेज रोल में दो साल पहले हंसल मेहता की क्राइम सीरीज स्कूप में दिखी थीं। इसमें उन्होंने एक क्राइम जर्नलिस्ट की भूमिका निभाई थी। लंबे समय से स्क्रीन से गायब रहने पर एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में बात की है। वह कहती हैं, मेरे पास वास्तव में इसका कोई जवाब नहीं है। लंबे समय के बाद, मेरे पास एक प्लेटफॉर्म और अभिनय-आधारित स्क्रिप्ट थी। स्कूप चुनौतीपूर्ण था। ऐसा नहीं है कि शो के बाद मैं बहुत ज्यादा चूजी हो गई हूं। मुझे पता है कि अगर सही स्क्रिप्ट लिखी जाए तो डायरेक्टर उसे और भी ऊंचे स्तर पर ले जा सकता है। मैं बस इस तरह के काम का इंतजार कर रही हूं।

करिश्मा आगे कहती हैं, मुझे अच्छे ऑफर मिले लेकिन किसी कारण से मेरे पास जो आया, उसके लिए मैं हां नहीं कहना चाहती। मैं किरदार आधारित भूमिकाओं की उम्मीद कर रही थी, क्योंकि मैंने दिखा दिया था कि मैं क्या करने में सक्षम हूं। इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने स्वीकार किया कि खुद की रिलेवेंसी बनाए रखने के लिए वो ऐसी प्रोजेक्ट साइन करने के बहुत करीब पहुंच गई हैं, जो बेहद निराशजनक थे। वह कहती हैं, मैं ऐसी स्क्रिप्ट की उम्मीद करती हूं, जिसके साथ मैं न्याय कर सकूं।

# प्रभास की फिल्म छोड़ दीपिका ने थामा अल्लू अर्जुन का दामन



हीरोइन नंबर वन दीपिका पादुकोण की निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से खटक गई है। वह अब उनकी फिल्म 'स्पिरिट' में शायद ही काम करें क्योंकि दीपिका के अब एक दिन में सिर्फ आठ घंटे ही काम करने के नए नियम से संदीप खुश नहीं थे। 'स्पिरिट' की डेट्स दीपिका ने फिल्म 'जवान' के अपने निर्देशक एटली की झोली में डाल दी हैं, जो जल्द ही अभिनेता अल्लू अर्जुन के साथ एक मेगा बजट फिल्म करने जा रही हैं।

फिल्म 'एनिमल' के बाद इसके निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा अब तक दूसरी फिल्म शुरू नहीं कर पाए हैं। लोगों को इसकी सीक्वल 'एनिमल पार्क' का बेसब्री से इंतजार है लेकिन उससे पहले संदीप का वादा प्रभास के साथ फिल्म 'स्पिरिट' पूरी करने का है। इस फिल्म की शूटिंग बीते साल ही शुरू हो जानी थी, लेकिन दीपिका के मां बनने की खबरें आने के बाद संदीप ने इस फिल्म की शूटिंग आगे के लिए टाल दी। अब दीपिका के मां बनने के बाद जो पहली फिल्म शुरू होनी थी, उसमें सबसे पहले 'स्पिरिट' का ही नंबर था। फिल्म के निर्माता इस फिल्म के लिए दीपिका को 20 करोड़ रुपये देने की बात भी मांग गए थे, लेकिन चूंकि संदीप रेड्डी वंगा का काम करने का स्टाइल अलग है तो दीपिका पहले से ही कुछ बातें लिखित में चाह रही थीं। जानकारी के मुताबिक दीपिका ने एक दिन में सिर्फ आठ घंटे ही काम करने की शर्त रखी और ये भी कि वह तेलुगु में अपनी डबिंग नहीं करेंगी।



# भारतीय सेना के 'ऑपरेशन खुकरी' पर फिल्म बनाएंगे रणदीप हुड्डा

बॉलीवुड अभिनेता रणदीप हुड्डा एक बार फिर बड़े पर्दे पर एक जबरदस्त किरदार में नजर आने वाले हैं। जाट जैसी सुपरहिट फिल्म की सफलता के बाद अब रणदीप अपनी अगली फिल्म में भारतीय सेना के सबसे साहसिक मिशन्स में से एक को जीवंत करने जा रहे हैं। एक्टर की आने वाली फिल्म का नाम है 'ऑपरेशन खुकरी', जो कि एक रियल लाइफ वॉर ड्रामा है।

### क्या है फिल्म का सब्जेक्ट?


यह फिल्म साल 2000 में सिएरा लियोन यानी पश्चिमी अफ्रीका के एक देश में हुए एक वास्तविक सैन्य अभियान पर आधारित है, जहां भारतीय सेना के 233 जवानों को विद्रोही बलों ने बंधक बना लिया था। यह मिशन भारतीय सेना द्वारा अब तक किए गए सबसे खतरनाक और साहसिक अभियानों में से एक माना जाता है। फिल्म में रणदीप हुड्डा मेजर जनरल राज पाल पुनिया की भूमिका निभाएंगे, जो उस वक्त 14वीं मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री के कंपनी कमांडर थे और इस मिशन की अगुवाई कर रहे थे।

### प्रोजेक्ट पर क्या बोले रणदीप?

रणदीप हुड्डा ने इस प्रोजेक्ट के बारे में बात करते हुए कहा कि यह कहानी सिर्फ हथियारों और युद्ध की नहीं, बल्कि वीरता, बलिदान और भाइचारे की है। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मैं ऐसे योद्धा की भूमिका निभा रहा हूं, जिसने 75 दिन तक दुश्मन के बीच फंसे जवानों को न सिर्फ जिंदा निकाला बल्कि भारत के सैन्य इतिहास में एक सुनहरा अध्याय जोड़ दिया।

### 'ऑपरेशन खुकरी' की कहानी

'ऑपरेशन खुकरी' की कहानी एक बेस्टसेलर किताब पर आधारित है, जिसे पेंग्विन रैंडम हाउस इंडिया ने प्रकाशित किया है। इस किताब के फिल्मी अधिकार अब ऑफिशियली राहुल मित्रा फिल्म्स और रणदीप हुड्डा फिल्म्स ने हासिल कर लिए हैं। फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम जोरों पर है और इसे बड़े पैमाने पर शूट किया जाएगा। फिल्म की टीम का मानना है कि 'ऑपरेशन खुकरी' न सिर्फ एक थ्रिलिंग एक्शन फिल्म होगी, बल्कि यह भारतीय सेना की वीरगाथा को दुनियाभर के दर्शकों तक पहुंचाने का एक जरिया बनेगी।




# 'स्पेशल ऑप्स 2' ही नहीं कई और सीरीज में दिखीं स्पाई स्टोरीज

**हाल ही में केके मेनन स्टारर वेब सीरीज 'स्पेशल ऑप्स 2' का टीजर रिलीज हुआ, जल्द ही यह वेब सीरीज दर्शकों को देखने को मिलेगी। इस स्पाई सीरीज के पहले सीजन को दर्शकों ने काफी सराहा था। इस सीरीज के अलावा भी स्पाई यानी जासूसों पर आधारित सीरीज बनी हैं। जानिए, ऐसी ही कुछ चर्चित सीरीज के बारे में।**

क्राइम के अलावा जासूसी कहानियों पर बेस्ड सीरीज भी दर्शकों को काफी पसंद आती हैं। कई सीरीज की पॉपुलैरिटी इतनी बढ़ जाती है कि इसके कई सीजन आते हैं। जल्द ही 'स्पेशल ऑप्स' के दूसरे सीजन का भी प्रीमियर होने वाला है।




### द नाइट मैनेजर

साल 2023 में 'द नाइट मैनेजर' नाम की एक वेब सीरीज रिलीज हुई। इसमें अनिल कपूर ने नेगेटिव रोल किया था और जासूस के रोल में आदित्य रॉय कपूर नजर आए। सीरियल में आदित्य रॉय कपूर एक पूर्व नौ सेना के ऑफिसर बने हैं, जो एक मिशन के लिए जासूस बनते हैं और विलेन के बुरे इरादों को नाकाम करते हैं। इस सीरीज को संदीप मोदी ने क्रिएट किया था।




### फैमिली मैन

राज एंड डीके की पॉपुलर वेब सीरीज 'फैमिली मैन' में मनोज वाजपेयी ने लीड रोल किया है। इस सीरीज के कई सीजन आ चुके हैं, पहला सीजन 2019 में आया था। इस सीरीज की कहानी में एक मिडिल क्लास आदमी का रोल मनोज वाजपेयी ने निभाया है। वह दुनिया की नजर में एक आम इंसान है लेकिन असल में वह राष्ट्रीय जांच एजेंसी के एक स्पेशल सेल में काम करता है। वह एक सीक्रेट एजेंट है, जो देश को आतंकवादियों से बचाने की कोशिश करता है। अपने काम के साथ-साथ उसे अपने परिवार का ध्यान भी रखना है साथ ही उनसे अपनी सीक्रेट एजेंट की पहचान भी छुपानी है।

### बार्ड ऑफ ब्लड

साल 2019 में वेब सीरीज 'बार्ड ऑफ ब्लड' में इमरान हाशमी ने लीड रोल किया था। सीरीज में वह एक पूर्व रॉ एजेंट बने थे। जिसे फिर से एक मिशन पर जाना होता है। इस स्पाई सीरीज को रिभु दासगुप्ता ने निर्देशित किया था।

### मुखबिर

इस सीरीज को शिवम नायर और जयप्रद देसाई ने डायरेक्ट किया था। यह सीरीज एक नॉवेल 'मिशन टू पाकिस्तान' पर आधारित थी। स्पाई जॉनर वाली इस सीरीज में जैन खान दुर्रानी, प्रकाश राज, आदिल हुसैन, बरखा बिष्ट जैसे कलाकार नजर आए थे।

### द फ्रीलांसर



वेब सीरीज 'द फ्रीलांसर(2023)' में मोहित रैना ने लीड रोल निभाया था। इस सीरीज को भाव धूलिया ने निर्देशित किया। सीरीज की कहानी अविनाश नाम के एक एक्स पुलिस ऑफिसर की है, जो अब एक मिलिट्री फ्रीलांसर है। उसे सीरीया में जाकर आईएसआईएस की कैद से अपने दोस्त की बेटी को छुड़ाना है।

# भाजपा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने किया सहभोज





**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा महानगर भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला कार्यालय, सेक्टर-116, नोएडा में एक विशेष सह-भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नोएडा जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने की। जिसमें नोएडा के विधायक एवं प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सिंह भी मौजूद थे।

विधायक पंकज सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मज़बूती और सरकार की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाना ही हम सभी का प्राथमिक दायित्व है। ऐसे कार्यक्रम हमें एकजुट करते हैं और कार्यों की दिशा को स्पष्ट करते हैं।

जिलाध्यक्ष महेश चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, और ऐसे आयोजनों से हमारे कार्यकर्ताओं को एक साथ बैठकर चर्चा करने, सुझाव देने और संगठन की दिशा तय करने का अवसर मिलता है। सह-भोज केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि पार्टी के परिवार की एकता और प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

इस अवसर पर डिंपल आनंद, चंदगीराम यादव, मनीष शर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, गिरिजा सिंह, उमेश त्यागी, गणेश जाटव, महेश अवाना, युद्धवीर चौहान, मुकेश शर्मा, मनोज चौहान, ओमवीर अवाना, अमित त्यागी, धर्मेन्द्र गुप्ता, बबलू यादव, भूपेश चौधरी, गिरीश कोटनाला, शिवांश श्रीवास्तव, रामनिवास यादव, सुचित्रा पाठक कक्कड़, शारदा चतुर्वेदी, अशोक मिश्रा, दीनबंधु कुशवाहा, शशिधर उपाध्याय, रामकिशन यादव, नीरज चौधरी, प्रदीप चौहान, सत्यनारायण महावार, देवेंद्र सिंह भदौरिया, अर्पित मिश्र, शिवांश श्रीवास्तव, मल्लिकेश्वर झा के साथ अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, मोर्चा प्रमुख उपस्थित रहे।

# महानिरीक्षक निबन्धन ने की स्टांप व पंजीकरण विभाग की समीक्षा

**नोएडा (चेतना मंच)।** महानिरीक्षक निबन्धन उत्तर प्रदेश समीर वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्टांप एवं पंजीकरण विभाग की समीक्षा बैठक आहूत की गई, जिसमें जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौतमबुद्धनगर अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) बुलन्दशहर प्रमोद कुमार पांडेय एवं स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग से अपर महानिरीक्षक निबन्धन (पश्चिमी क्षेत्र) मनीन्द्र सिंह, उप महानिरीक्षक निबन्धन गौतमबुद्ध नगर अरुण कुमार मिश्र, उप महानिरीक्षक निबन्धन संगीता, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन बुलन्दशहर एसके रावत, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन (प्रथम) गौतमबुद्ध नगर बीएस वर्मा, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन (द्वितीय) गौतमबुद्ध नगर ब्रिजेश कुमार, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन टी0ए0सी0 गाजियाबाद मीरा, सहायक महानिरीक्षक निवन्धन टी0ए0सी0 गाजियाबाद अनुपम सिंह, सहायक महानिरीक्षक निबन्धन टी0ए0सी0 गाजियाबाद प्रदीप कुमार अस्थाना, जनपद गौतमबुद्ध नगर एवं बुलन्दशहर के समस्त उप निबन्धकगण तथा वी0एस0 सिंह-ओ0एस0डी0-नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण, अभिषेक पाठक-ओ0एस0डी0 ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण तथा यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा नामित प्रतिनिधि सलीम अहमद-वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी मौजूद थे।



महानिरीक्षक निबन्धन ने नोएडा/ग्रेटर नोएडा/यमुना/बुलन्दशहर विकास प्राधिकरण को आवंटियों के अनिबन्धित फ्लैटों की रजिस्ट्री कराने हेतु निर्देश दिए।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के जनपद गौतमबुद्ध नगर एवं बुलन्दशहर के सहायक महानिरीक्षक निबन्धन तथा उप निबन्धकगण को वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति हेतु कड़े निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त बैठक में उपस्थित अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), गौतमबुद्ध नगर को भी लम्बित वसूली प्रमाण पत्रों में अन्तर्निहित धनराशि की वसूली प्राथमिकता के आधार पर कराने हेतु निर्देशित किया गया। जनपद बुलन्दशहर एवं गौतमबुद्ध नगर के समस्त उप निबन्धकों को निर्देशित किया गया कि कार्यालय में उपस्थित होने वाले समस्त आमजनों को विभाग की तरफ से प्राप्त समस्त लाभ प्रदान किया जाए तथा कार्यालय के साफ-सफाई, आगंतुकों के बैठने, पीने के पानी इत्यादि जन-सुविधाओं का समुचित ध्यान रखा जाए। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि प्रतिदिन निबन्धित लेखपत्रों को उसी दिन पक्षकारों को वापस किया जाए।

बैठक के अन्त में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि मानक से अधिक लेखपत्रों का स्थल निरीक्षण करें ताकि करापवंचन पर अंकुश लगे। इसके अतिरिक्त प्रवर्तन कार्य करते हुए, वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु आवंटित लक्ष्य का शत् प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

# 10 करोड़ का बकाया न देने पर एम्स प्रमोटर्स का कार्यालय सील

## पूर्व सांसद मलूक नागर का है यह प्रोजेक्ट



**नोएडा (चेतना मंच)।** दादरी तहसील ने यूपी रेरा के रिकवरी सर्टिफिकेट का पैसा अदा न करने पर एम्स प्रमोटर्स के कार्यालय को सील कर दिया। मालूम हो कि यह प्रोजेक्ट राष्ट्रीय लोकदल के नेता तथा पूर्व सांसद मलूक नागर का है।

इसी कार्यालय में बिल्डर की दूसरी कंपनी एम्स गोल्फ टाउन का भी कामकाज होता है। पैसा ना जमा करने पर तहसीलदार ने संपत्ति को कुर्क करने की चेतावनी दी है। दादरी तहसील की टीम ने 50 से अधिक बिल्डरों को चिन्हित किया है जिन्होंने यूपी रेरा का पैसा जमा नहीं किया है। ऐसे बिल्डरों के कार्यालय सील करने की कार्रवाई की जा रही है।

पूर्व में 12 से अधिक बिल्डरों पर कार्रवाई हो चुकी है। सोमवार को तहसील की टीम ने एम्स प्रमोटर्स तथा एम्स गोल्ड टाउन कंपनी के संयुक्त कार्यालय को सील कर दिया। इस दौरान दादरी के एसडीएम अनुज नेहरा ने बताया कि बिल्डर पर यूपी रेरा की आरसी का 10 करोड रुपए बकाया है।

# प्रमुख सचिव जीएसटी के समक्ष व्यापारियों ने रखी समस्याएं



**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश वाणिज्य कर विभाग के प्रमुख सचिव देवराज ने सेक्टर-148 के वाणिज्य कर विभाग के ऑफ़िस में व्यापारियों संग बैठक की।

उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष विकास जैन ने मुख्य सचिव को सात सूत्रीय माँगो का ज्ञापन सौंपा। विकास जैन ने बताया कि भविष्य में व्यापारी कैसे सुरक्षित रहे हैं और किस प्रकार अपने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाएँ इसके लिए मुख्य सचिव देवराज ने व्यापारियों को संबोधित किया।

प्रदेश उपाध्यक्ष निखिल अग्रवाल ने कहा कि यदि व्यापारियों की गलती पर उन्हें दंडित किया जाता है तो अधिकारी के गलती किए जाने पर भी उन्हें दंडित किया जाए और उनकी कम से कम दो दिन की सैलरी अवश्य काटी जाए।

प्रदेश महामंत्री सचिन गोयल ने कहा की ट्रांसपोर्टरों को और अधिक सुविधाएँ प्रदान की जाए और काग़ज़ी कार्रवाई को कम करवाया जाए। पीजी असोसिएशन से प्रदेश कोषाध्यक्ष अंकुर बंसल और उद्योग प्रकोष्ठ के अध्यक्ष शक्ति सिंह ने भी अपनी बातें प्रमुख सचिव के समक्ष रखी।

बैठक में उप्र युवा व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी व सदस्य मौजूद थे।

# हर व्यक्ति योग से जुड़े : कर्मवीर महाराज

## प्रणीत भाटी के आवास पर पहुंचे योग ऋषि

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** योग ऋषि कर्मवीर महाराज ने कहा कि योग से तन मन के साथ-साथ व्यक्ति के सोचने एवं समझने का भी विकास होता है।





बता दें कि कल योग ऋषि कर्मवीर महाराज भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं गौतमबुद्धनगर लोकसभा क्षेत्र के संयोजक प्रणीत भाटी के डेल्टा-3 स्थित आवास पर व्यक्तिगत बुलावे पर पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को योग से जुड़ने का आह्वान किया और कहा कि योग एक ऐसी दवा है जिससे व्यक्ति निरोग रह सकता है।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रणीत भाटी ने उन्हें अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया तथा उनके विचारों को आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी मौजूद रहे।

# सेक्टर-117 के सनातन धर्म मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम व कलश यात्रा



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-117 के प्राचीन सनातन धर्म मंदिर के जीर्णोद्धार उपरान्त कल प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम बडे भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत महिलाओ की कलश यात्रा से हुई, जिसमें सेक्टर की महिलाओ की बहुत बडी संख्या में भागीदारी रही, जिसके बाद श्री विद्वान पंडितों द्वारा हवन एवं पूरे विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, जिसमें शिव परिवार,राधा-कृष्ण,राम दरबार, पंचमुखी हनुमान, शीतला माता, मां गौरी, की मूर्तियां स्थापित की गई।



प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सेक्टर/शहर भर से काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से फोनरवा अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा महासचिव के.के जैन कोषाध्यक्ष पवन यादव, विजय भाटी, देवेन्द्र चौहान, सत्यनारायण गोयल, ताराचंद गौड, प्रदीप वोहरा,नागेन्द्र यादव, विकास चौधरी, देवेन्द्र यादव, भूषण शर्मा, सोमेन्द्र यादव, सुशील शर्मा, रघुनाथ सिंह, दीपक शर्मा, विनोद शर्मा, अशोक शर्मा, कुलदीप पाल, संजीव पाल, अशोक मिश्रा, सुभाष भाटी, मास्टर बी.एस चौधरी, समयपाल यादव, भारतीय किसान यूनियन के नेता बेगराज गूजर, बी.सी प्रधान, राजवीर मुखिया, प्रेम सिंह भाटी, रामेश्वर शर्मा, रामकिशोर यादव, देवदत्त शर्मा, प्रदीप दलाल, गजेन्द्र बंसल, ब्रह्मपाल चौधरी आदि काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

